

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | शनिवार, 15 जून 2024 | वर्ष: 01, अंक: 90, पृष्ठ: 8, मूल्य: 2 रु. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

## कुवैत अग्निकांड: मृतकों के शव लेकर कोच्चि एयरपोर्ट पर उतरा सुपर हरक्युलिस

### आग ने ले ली थी 45 भारतीयों की जान

**एजेंसी**

**कोच्चि।** कुवैत में दो दिन पहले हुए अग्निकांड में मारे गए भारतीयों के पार्थिव शरीर लेकर आया भारतीय वायु सेना का विमान शुक्रवार सुबह कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। दूतावास ने बताया कि विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह भी उसी विमान से वापस आए। वायु सेना के सी-130जे परिवहन विमान से 31 भारतीयों के पार्थिव शरीर को यहां उतारा गया। यहां से शवों को उनके गृह नगर तक



पहुंचाया जाएगा। घटना में मारे गए मारे गए 31 लोगों में से केरल के 23, तमिलनाडु के सात और कर्नाटक का एक व्यक्ति शामिल है।

अधिकारियों ने बताया कि दक्षिणी कुवैत के मंगाफ क्षेत्र में सात मंजिला इमारत के रसोईघर में भीषण आग लगने से 49 विदेशी मजदूरों की मौत हुई थी और 50 अन्य घायल हुए थे।

इनमें से 45 भारतीय थे और शेष पाकिस्तान, फिलिपीन, मिस्र और नेपाल के नागरिक थे। इमारत में 195 प्रवासी मजदूर रहते थे।

**मृतकों के शवों को लेकर आया सुपर हरक्युलिस**

इससे पहले वायुसेना का सुपर हरक्युलिस विमान कुवैत से 45 शवों को लेकर रवाना हुआ था। पहले यह विमान केरल के कोच्चि में उतरा, क्योंकि ज्यादातर मृतक वहीं के थे। इसके बाद विमान दिल्ली आएगा। यहां से शव संबंधित राज्यों में भेजे जाएंगे।

## बकरीद पर सड़कों पर नहीं होगी नमाज, अधिकारियों को दिए निर्देश : योगी

**एजेंसी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को आगामी पर्व-त्योहारों को देखते हुए सुदृढ़ कानून-व्यवस्था व श्रद्धालुओं की सुविधाओं के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक की। सीएम ने पर्वों व त्योहारों को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान सीएम योगी अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए है।

सीएम योगी ने कहा कि 16 जून को गंगा दशहरा, 17 जून को बकरीद, 18 जून को ज्येष्ठ माह का मंगल का पर्व और 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन है। जुलाई महीने में मोहर्रम और कांवड़ यात्रा जैसे पवित्र कार्यक्रम होने हैं। स्वाभाविक रूप से यह समय कानून-व्यवस्था की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है। शासन-प्रशासन को



**सीएम योगी ने कहा कि 16 जून को गंगा दशहरा, 17 जून को बकरीद, 18 जून को ज्येष्ठ माह का मंगल का पर्व और 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन है।**

24 घंटे एक्टिव मोड में रहने की जरूरत है।सीएम ने कहा कि प्रदेश में 15 से 22 जून तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाना चाहिए। गंगा दशहरा के दृष्टिगत गंगा नदी के घाटों की साफ-सफाई और साज-सज्जा की जानी चाहिए। स्नान कहां करना है, यह सुनिश्चित हो। सतर्कता के दृष्टिगत गोताखोरों, पीएसी के फ्लड यूनिट और एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की तैनाती भी की जाए।उन्होंने कहा कि इस समय भीषण गर्मी का समय है, साथ ही त्योहारों का आयोजन भी होना है। ऐसे में गांव, नगर, महानगर, कहीं भी रोस्टरिंग के नाम पर अनावश्यक 'पॉवर कट' न हो। ट्रांसफार्मर खराब होने और फॉल्ट की समस्या का तेजी के साथ निस्तारण कराएं।

आम जन की जरूरतों का ध्यान रखें। पूर्व के अनुभव बताते हैं कि जहां स्थानीय प्रशासन ने संवादहीनता बनाए रखी, वहां अप्रिय घटना की स्थिति बनी। हमें इनसे सीख लेते हुए सतर्क रहना होगा। थाना, सर्किल, जिला, रेंज, जोन, मंडल स्तर पर तैनात वरिष्ठ अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के धर्मगुरुओं, समाज के अन्य प्रतिष्ठित जनों के साथ संवाद बनाएं। लोगों के लिए सकारात्मक संदेश जारी कराएं।

## प्रश्न-पत्र लीक समेत अन्य गड़बड़ियों के आरोपों की सीबीआई जांच की मांग; केंद्र-एनटीए को 'सुप्रीम' नोटिस

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** नीट-यूजी विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी को नोटिस जारी किया। नोटिस राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक, 2024 में प्रश्नपत्र लीक और अन्य गड़बड़ियों के आरोपों की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका को लेकर जारी किया गया है। इसके अलावा कोर्ट ने याचिकाओं को अलग-अलग हाईकोर्ट से शीर्ष अदालत में हस्तांतरित करने की मांग वाली राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की याचिका पर भी सभी पक्षों को नोटिस जारी किया है। याचिका पर 8 जुलाई को



सुनवाई की जाएगी।

**पीठ ने क्या कहा?**

जस्टिस विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाश पीठ ने मामले की सुनवाई की। इस दौरान राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के वकील की इस दलील पर गौर किया कि प्रश्नपत्र लीक होने और अन्य गड़बड़ियों के आरोपों के आधार पर नीट-यूजी को रद्द करने की मांग करने वाली कई याचिकाएं कई उच्च न्यायालयों में लंबित हैं। पीठ ने कहा कि हम नोटिस जारी कर रहे हैं। इन पर 8 जुलाई को सुनवाई होगी। इस बीच एनटीए ने कहा कि वह तीन अन्य याचिकाओं को वापस लेना चाहता है, जो उच्च न्यायालयों से मामलों को शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने की मांग कर रही थीं, क्योंकि वे 5 मई को परीक्षा के दौरान समय की बर्बादी के कारण 1,563 उम्मीदवारों को अनुग्रह अंक देने से संबंधित थीं।

**एनटीए के वकील ने क्या दलील दी?**

एनटीए के वकील ने कहा कि अब मामला सुलझ गया है और वह 1,536 उम्मीदवारों को दिए गए ग्रेस मार्क्स रद्द करने के फैसले और शीर्ष अदालत के 13 जून के आदेश के बारे में उच्च न्यायालय को सूचित करेंगे। NEET-UG परीक्षा को लेकर चल रहे विवाद के बीच केंद्र और NTA ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उन्होंने MBBS और ऐसे अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परीक्षा देने वाले 1,563 उम्मीदवारों को दिए गए ग्रेस मार्क्स रद्द कर दिए हैं।

## चड्ढा ने नवनिर्वाचित आप सांसदों से की मुलाकात

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** पंजाब से आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने शुक्रवार को पार्टी के नवनिर्वाचित सांसदों से मुलाकात की । श्री चड्ढा ने संगरूर के सांसद मीत हेयर, होशियारपुर के राज कुमार चाबेवाल और



आनंदपुर साहिब के सांसद मलविंदर सिंह कंग से मुलाकात की। आप ने पंजाब में 13 में से 13 सीटें जीतने का दावा किया था लेकिन सिर्फ तीन सीटें जीत पाई । जालंधर पश्चिम के बाद चार और विधानसभा सीटों बरनाला, चाबेवाल, गिद्दड़बाहा, डेरा बाबा नानक पर उपचुनाव होने वाले हैं । इसके लिए पार्टी ने मंथन शुरू कर दिया है और तैयारियां भी प्रारंभ कर दी है।

## मुक्ति चक्र-जनकवि केदारनाथ अग्रवाल स्मृति सम्मान की घोषणा

**नई दिल्ली।** साल 2024 के 'मुक्ति चक्र-जनकवि केदारनाथ अग्रवाल स्मृति सम्मान की घोषणा कर दी गई।' इसके लिए लोकधर्मी कवयित्री प्रज्ञा रावत का चयन किया है। यह जानकारी यहां मुक्ति चक्र-जनकवि केदारनाथ अग्रवाल स्मृति सम्मान समिति बांदा के प्रमुख गोपाल गोयल ने दी। गोयल ने बताया कि मुक्ति चक्र बांदा में जनवादी लेखक मंच के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय 'केदार स्मृति गोष्ठी' में 22 जून को प्रज्ञा रावत को अलंकृत करेगा। यह सम्मान प्रत्येक वर्ष किसी एक जनपक्षधर कवि को प्रदान किया जाता है। प्रज्ञा तीन दशक से लेखन में प्रवृत्त हैं। जो नदी होती 2012 में प्रकाशित उनका बहुचर्चित कविता संग्रह है।

## मणिपुर की विस्थापित आबादी के मामलों के लिए मंत्रिमंडलीय उपसमिति का गठन

**एजेंसी**

**इंफाल।** मणिपुर सरकार ने राज्य में संघर्ष के कारण विस्थापित लोगों के मामलों के लिए मंत्रिमंडलीय उप-समिति गठित करने का निर्णय लिया है। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित बैठक में कैबिनेट ने मणिपुर सरकार के कामकाज के नियमों के नियम 13 के तहत यह निर्णय लिया। मंत्रिमंडलीय उप-समिति मुख्यमंत्री को रिपोर्ट करेगी।

उप-समिति की अध्यक्षता निर्माण और युवा मामले मंत्री के गोविंददास सिंह करेंगे, जबकि जल संसाधन और राहत एवं आपदा प्रबंधन मंत्री अवांगबो न्यूमई, चिकित्सा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण और आईपीआर मंत्री डॉ. सपम रंजन सिंह और ए.एच. और पशु चिकित्सा और परिवहन मंत्री खशिम वाशुम अन्य सदस्य होंगे। आयुक्त-सह-गृह ज्ञानप्रकाश हुइरेम पुनर्वास के उपायों की निगरानी तथा आईडीपी के अस्थायी पुनर्वास के लिए भूमि की पहचान की निगरानी करेगी।




समिति के सदस्य सचिव होंगे। मंत्रिमंडलीय उप-समिति राहत शिविरों में रह रहे आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों (आईडीपी) की शिकायतों की पहचान , राहत शिविरों में व्यक्तियों की जरूरतों और आवश्यकताओं का आकलन , आईडीपी के पुनर्वास और कैबिनेट ने उपायुक्तों को एक सप्ताह के भीतर बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन पूरा करने का निर्देश भी दिया है। इसके साथ ही तत्काल राहत के रूप में प्रत्येक बाढ़ प्रभावित परिवार को 10,000 रुपये की राशि भी मंजूर की गयी है।

## आरएसएस के इंद्रेश कुमार का भाजपा पर निशाना, कहा- अहंकार की वजह से 241 पर सिमट गई पार्टी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** लोकसभा चुनाव में अपेक्षित परिणाम प्राप्त न करने पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेता इंद्रेश कुमार ने बिना नाम लिए बीजेपी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भगवान राम की भक्ति करने वाली पार्टी अहंकारी हो गई थी, इसलिए 241 पर सिमट गई। इस चुनाव में बीजेपी का अहंकार ध्वस्त हो गया है।

इंद्रेश कुमार ने कहा, इन लोगों ने भगवान राम की भक्ति तो की थी, मगर इनमें धीरे-धीरे अहंकार आ गया। आज भगवान राम ने इनके अहंकार को खत्म कर दिया है। ये लोग इस चुनाव में प्रशंसनीय परिणाम नहीं दे पाए। शायद अब इन्हें लोकतंत्र की ताकत का एहसास हो चुका होगा। हालांकि, यह राम जी की ही कृपा थी कि भाजपा देश की सबसे बड़ी पार्टी बन सकी, लेकिन इसके बावजूद भी ये लोग राम जी कृपा को नहीं समझ पाए। शायद इसलिए जो शक्ति भाजपा को इस चुनाव में मिलनी चाहिए थी, वो राम जी ने अहंकार के कारण रोक दी।

आरएसएस नेता ने कहा, आश्चर्य है कि भगवान राम के विरोधी इस चुनाव में अच्छा प्रदर्शन कर पाए। बेशक नंबर एक पर नहीं आ पाए, लेकिन नंबर दो पर बेहतर प्रदर्शन के साथ अपनी जगह मजबूत करने में सफल हुए। इसलिए हम सभी को एक बात समझ लेनी चाहिए कि प्रभु का न्याय विचित्र नहीं है, बल्कि बड़ा ही सत्य है। प्रभु की लीला अपरंपार है, जिसे इंसानी दिमाग नहीं समझ सकता। जिस पार्टी



ने भगवान राम की भक्ति की उसे बेशक 241 सीट ही मिली, लेकिन वो सरकार बनाने में सफल हुई और जिन लोगों ने भक्ति नहीं की, वो अच्छा करने में सफल तो हुए, लेकिन सरकार बनाने से चूक गए। यही है प्रभु की लीला, जिसे इंसानी दिमाग शायद कभी नहीं समझ सकेगा। जिन लोगों के मन में राम जी को लेकर श्रद्धा नहीं थी, उन्हें 234 पर ही रोक दिया।

प्रभु जी ने कहा कि यह तुम्हारा फल यही है, इसलिए मैं कहता हूं कि जो राम की भक्ति करे वो बिना अहंकार के करे और जो ना करे, तो उसका कल्याण प्रभु खुद कर देगा। इंद्रेश कुमार ने आगे कहा, भगवान राम भेदभाव नहीं करते। सबको उसकी नीयत के आधार पर प्रतिफल देते हैं। राम जी सजा नहीं देते हैं और ना ही किसी को विलाप करने का मौका देते हैं। राम जी सबको न्याय देते हैं, देते थे और आगे भी देते रहेंगे। राम जी सदैव न्याय प्रिय रहे हैं।

मैं आपको बता दूं कि भगवान राम ने 100 वर्षों के शासनकाल के बाद अश्वमेध यज्ञ किया। इसलिए यह यज्ञ हुआ कि कोई रोगी ना रहे, कोई अशिक्षित ना रहे, कोई बेरोजगार ना रहे। इसलिए भगवान 100 वर्षों के शासनकाल के बाद अश्वमेध यज्ञ करवाया करते थे, ताकि संपूर्ण राज्य में शांति बनी रहे। इसी यज्ञ के कारण भगवान राम 11 हजार सालों तक शासन करने में सफल रहे। दुनिया में आज तक कोई भी इतने वर्षों तक शासन नहीं कर सका।

सत्यम् शिवम् शुभम् ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स

College Code : 01083

टिकरी, कौड़िहार, प्रयागराज

B.A. हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, प्रा० इतिहास, गृह विज्ञान, दर्शन शास्त्र राजनीति विज्ञान, उर्दू, भूगोल, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, अर्थशास्त्र




M.A. हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान, प्रा० इतिहास

B.Sc. Agriculture B.Com/M.Com

प्रवेश प्रारम्भ

B.Sc./M.Sc./D.El.Ed. (BTC) B.Pharma/D.Pharma



संजय शुक्ल

प्रबंधक

LL.B. B.A. L.L.B (प्रस्तावित) I.T.I. (इलेक्ट्रीशियन, फिटर, कोपा)

छात्रवृत्ति की सुविधा भी उपलब्ध

Mob. 9451181332, 9956930129

# सीडीओ ने अपूर्ण आवासों को 30 जून तक पूर्ण कराने के दिए निर्देश

## अमृत सरोवर में प्राविधानित कार्य को पूर्ण कराते हुए जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रविकिशोर त्रिवेदी की अध्यक्षता में आज साप्ताहिक बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, मनरेगा, एन0आर0एल0एम0 आदि विकास कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा की गयी।

मुख्य विकास अधिकारी ने समीक्षा के दौरान पाया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के 316 एवं मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के 121 आवास अभी भी अपूर्ण हैं। उन्होंने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन आवासों में टेक्निकल समस्या है, उन आवासों को छोड़ते हुए शेष आवासों को दिनांक 30 जून, 2024 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण करा लिया जाय। जिन लाभार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किश्त अवमुक्त नहीं की गयी है, उन लाभार्थियां को तत्काल धनराशि अवमुक्त की जाय, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित कार्मिक के विरुद्ध कार्यवाही की जायेंगी। पति की मृत्योपरान्त निराश्रित महिला (18 वर्ष से 40 वर्ष) को सम्मिलित किए जाने के लिए पात्र निराश्रित महिलाओं की सूची अविलम्ब तैयार कर लिया जाय, जिससे पात्र निराश्रित महिलाओं को मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत आवास का आवंटन किया जा सकें।

सीडीओ ने कहा कि मनरेगा योजनान्तर्गत निमार्णाधीन गत वर्ष व वर्तमान वित्तीय वर्ष में चयनित अमृत सरोवर में प्राविधानित कार्य को पूर्ण कराते हुए सभी अमृत सरोवर में जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत सभी ग्रामीण निर्धन परिवारों की महिला सदस्य को स्वयं सहायता समूह में जोड़ा जाय तथा मनरेगा व आवास के लाभार्थी परिवारों की महिला सदस्य की सहभागिता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाय। विधवा, वृद्धा व दिव्यांग पेंशन के सभी लंबित आवेदनों की जांच कराकर एक सप्ताह में सम्बन्धित कार्यालय में आवेदन प्रेषित करें। दिनांक 15 जून, 2024 से 21 जून, 2024 से समस्त ग्राम पंचायतों में योग सप्ताह का आयोजन किया जाना है। सभी अधिकारी इसकी तैयारी कर लें।

बैठक में उपायुक्त(स्वतः रोजगार) सुखराज बन्धु, उपायुक्त(श्रम रोजगार)/परियोजना निदेशक मनोज कुमार वर्मा, जिला प्रोवेशन अधिकारी नीरज कुमार, समाज कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त सहायक विकास अधिकारी (आई0एस0बी0), समस्त अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (ए0पी0ओ0) तथा बी0एम0एम0 (एन0आर0एल0एम0) उपस्थित रहें।

## अतरसुइया पुलिस ने चोरी के सामान के साथ एक महिला व पुरुष को किया गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** अतरसुइया थाना में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 31/2024 धारा 392/411/414 से संबंधित वांछित गिरफ्तार अभियुक्ता जेया अंसारी पुत्री मो0 अफजाल आलम निवासिनी 450/241 कटघर थाना मुट्ठीगंज जनपद प्रयागराज, हाल पता मोहल्ला मॉर्डन घोस गुदे गंज की मण्डी थाना मुट्ठीगंज।

अभियुक्त अमन गौतम पुरुष हर्षल पुत्र स्व0 बच्चालाल निवासी 333 कसाई मोहल्ला कीडगंज थाना कीडगंज जनपद प्रयागराज, हाल पता मोहल्ला मॉर्डन घोस गुदे गंज की मण्डी थाना मुट्ठीगंज को मुखबिर की सूचना पर चाचार नाला मैदान दरियाबाद के पास थाना क्षेत्र अतरसुइया से गिरफ्तार किया गया। तथा उनके कब्जे से लूट के 09 मोबाइल फोन, 02 स्कूटी (एक्टिवा), 01 मोटरसाइकिल (पैसन प्रो), 01 आधार कार्ड, 01 पत्ती (सफेद धातु), 01 छेनी, 01, हथौड़ी, 04 रिंच पाना, 01 प्लास, 01 पेचकस, चाभी के 05 गुच्छे व मोटरसाइकिल/स्कूटी की 13 चाभी बरामद कर विधिक कार्रवाई की गई।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम

1. उ0नि0 दिनेश चन्द्र यादव, थाना अतरसुइया कमिश्नरेट प्रयागराज ।
2. उ0नि0 रामेन्द्र कुमार सिंह, थाना अतरसुइया कमिश्नरेट प्रयागराज ।
3. म0उ0नि0 अनीस फातमा, थाना अतरसुइया कमिश्नरेट प्रयागराज ।
4. प्रशि0उ0नि0 अंकित कनौजिया, थाना अतरसुइया कमिश्नरेट प्रयागराज ।
5. हे0का0 संजय कुमार गुप्ता, थाना अतरसुइया कमिश्नरेट प्रयागराज ।
6. का0 गगन प्रताप सिंह, थाना अतरसुइया कमिश्नरेट प्रयागराज।

## पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस उ0नि0 चन्दन सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा एससी/एसटी एक्ट से संबन्धित वांछित अभियुक्त सौरभ तिवारी उर्फ भोलू पुत्र भानेश्वर तिवारी नि0 गिरिया खालसा थाना पिपरी जनपद कौशाम्बी को गिरिया तिराहा के पास से गिरफ्तार किया।

## शान्ति भंग करने की दृष्टिगत 14 व्यक्तियो का चालान किया




**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज ।** पुलिस उपायुक्त गंगानगर, व सहायक पुलिस आयुक्त हण्डिया के पर्यवेक्षण में तथा प्र०नि० हण्डिया बृजकिशोर गौतम के कुशल निर्देशन मे धाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा शुक्रवार को शान्ति एवंम कानून व्यवस्था भंग करने के दृष्टिगत 14 व्यक्तियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही करते हुये चालान अन्तर्गत में गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त

सूरज पुत्र अनिल तिवारी निवासी ग्राम धरमपुर बिगहिया . शशांक मिश्रा पुत्र सर्वेश कुमार मिश्रा निवासी ग्राम धरमपुर बिगहिया. राजबली पाल पुत्र बाबालाल पाल निवासी चंदनहा. रविशंकर पाल पुत्र पंडा पाल निवासी चंदनहा थाना हंडिया कमिश्नरेट प्रयागराज।

गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम

प्रभारी निरीक्षक बृज किशोर गौतम थाना हण्डिया. उ0नि0 राजेन्द्र प्रसाद . रकवळ उपेन्द्र कुमार गौड़ थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज।

## पुलिस मुठभेड़ में महिलाओं से चेन छीनने वाले बदमाश को लगी गोली, जार्जटाउन में बुधवार को की थी छिनैती, १५ आपराधिक केस हैं दर्ज

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** शहर में घूम-घूमकर महिलाओं से झूंसी का हिस्ट्रीशीटर चेन छिनैती की घटना को अंजाम दे रहा था। १२ जून को जार्जटाउन में हुई चेन छिनैती के बाद पुलिस सक्रिय हुई। सीसीटीवी वैष्ठमरे और मुखबिर से शातिर बदमाश की तलाश शुरू की। शुक्रवार की भोर सीएमपी डिग्री कालेज के पास जार्जटाउन पुलिस की बाइक सवार गैंगेस्टर से मुठभेड़ हो गये। पुलिस की गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। उसे एसआरएन में भर्ती कराया गया है। बदमाश के खिलाफ प्रयागराज से लेकर बनारस तक १५ आपराधिक केस दर्ज है।

जार्जटाउन थाना प्रभारी राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि १२ जून को हुई चेन लूट के बाद अनुभव केसरवानी ने एफआईआर दर्ज करायी थी। अनुभव पत्नी को लेकर जा रहे थे तभी बाइक सवार बदमाश उनकी चेन छीनकर भाग गया था। वह सीसीटीवी वैष्ठमरे में वैष्ठद हो गया था। वह कई जगहों से पुलिस को लूट कर भागा लुटेरा नजर आया। लुटेरे के बारे में पता चला कि वह बजहां झूंसी का रहने वाला त्रिवेणी मंगता है। झूंसी पुलिस उस पर गैंगस्टर की काररवाई कर चुकी हैं। उसको पकड़ने के लिए पुलिस ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। शुक्रवार को पुलिस टीम गस्त कर रही थी। तभी सीएपी ड्रिग्री कालेज के पास पुलिस ने बदमाश को घेर लिया। आरोपित ने पुलिस पर गोलियां चला दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की तो बदमाश के दाहिने पैर में गोली लग गयी और वह बाइक लेकर गिर पडा। उसके पास से लूट की चेन, ३५ हजार रुपये तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस की माने तो उसने एक हफ्ते में कई घटनाओं को अंजाम दिया है। मुठभेड में दरोगा अमित चौरसिया, अनुराग शर्म, विपित वर्मा आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे।

## डीएम एसपी ने आगामी त्यौहार बकरीद के दृष्टिगत जनपद के धर्मगुरुओं, सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर।** शुक्रवार आगामी त्यौहार बकरीद के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार कुशीनगर में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल द्वारा शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न धर्मगुरुओं, प्रतिष्ठित/सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ संयुक्त पीस कमेटी की मीटिंग की गयी । मीटिंग में धर्मगुरूओं से आपस में मिल-जुलकर शान्ति व सौहार्द पूर्वक त्यौहार मनाने, अफवाहों व झूठी खबरों पर ध्यान न देने तथा अफवाहों को फैलने से रोकने हेतु अपील की गयी । इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी , अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

# बारा : रंजिश मे पिता-पुत्र पर ताबड़तोड़ बरसाई गई गोलियां, बेटे की मौत

## परिजनों की तहरीर पर 4 के खिलाफ मुकदमा दर्ज, आरोपियों की गिरफ़्तारी के लिए गठित की गई 5 टीमें

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** बारा थाना क्षेत्र के भेलाव गांव मे शुक्रवार को सुबह पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही कुछ लोगों ने खेत में काम कर रहे पिता-पुत्र पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसानी शुरू कर दी। तीन गोली लगने से बेटे की मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए। सूचना पाकर तमाम आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। आरोपियों की खोजबीन में पुलिस जुट गई है। जानकारी के अनुसार बारा थाना क्षेत्र के भेलाव गांव में सुबह सात बजे खेत की जुताई करने गए पिता पुत्र पर गांव के ही कुछ लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर गोलियां बरसानी शुरू कर दी। गोली लगने से मनीष मिश्र (27) पुत्र संतोष मिश्रा की मौत हो गई। संतोष मिश्र ने बताया कि होली पर शराब के नशे में आरोपी राजेश उर्फ साकेत बिहारी पाण्डेय से विवाद हुआ था। उसी बात से खुन्नस खाए राजेश ने अपने पिता व चचेरे भाई के साथ असलहा लेकर सुबह खेत पर पहुंच गया। बिना कुछ बताए मनीष पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। तीन गोली मनीष को लगी। उसे अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में ही उसकी सांसें थम गईं। घटना की सूचना पर डीसीपी यमुनानगर श्रद्धा नरेंद्र पाण्डेय, एसीपी बारा व कौंधियारा के साथ मौके पहुंचकर छानबीन की।

**मारपीट और हत्या का क्या है पूरा मामला...**

भेलांव के रहने वाले मनीष मिश्रा की गांव के ही राजेश पांडे से पुरानी रंजिश थी। अक्सर दोनों परिवारों के बीच कहासुनी होती रहती थी। शुक्रवार सुबह 27 वर्षीय मनीष अपने पिता संतोष के साथ खेत मे काम कर रहे थे। तभी गांव के ही राजेश पाण्डेय कई लोगों के साथ पहुंचे और मनीष को अपशब्दों का प्रयोग करने लगे जिस पर मनीष ने विरोध किया तो गोलियां बरसानी शुरू कर दी। जिस पर मनीष के सिर में 3 गोली मारी गई आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारियों के साथ ही बारा, घूरपुर समेत आसपास के थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गईआरोपियों के यहां छापेमारी की जा रही है।

## एनआईटी एक्ट के वारंटी गिरफ्तार




**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** थरवई पुलिस वारंटी के खिलाफ चेकिंग के दौरान एन आईटी एक्ट में एक वारंटी को शुक्रवार गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना थरवई पुलिस टीम द्वारा शुक्रवार को मा0 न्यायालय ए0सी0जे0एम0 कक्ष सं0-15 इलाहाबाद द्वारा निर्गत गिरफ्तारी अधिपत्र सम्बन्धित एन0आई0एक्ट से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त सर्वेश कुमार पुत्र छेदीलाल निवासी बलीपुर थाना थरवई कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना थरवई क्षेत्रान्तर्गत उसके निवास ग्राम बलीपुर के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम

प्र0शि0 उ0नि0 अंकित कुमार. प्र0शि0 उ0नि0 सोनू कुमार, थाना थरवई कमिश्नरेट प्रयागराज ।

## होलागढ़ के लाल ने इलाहाबाद डिग्री कालेज में किया टाप



**अजय कुमार**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**दहियांवा/प्रयागराज।** विकाश खंड होलागढ़ के सांगीपुर निवासी रुद्र दुबे उर्फ आदर्श पुत्र महेंद्र दुबे ने इलाहाबाद डिग्री कालेज (एडीसी) में बी काम द्वितीय वर्ष में टाप किया। रुद्र दुबे को 442 अंक मिला है, इससे इलाके के लोगों में खुशी की लहर है। बता दें कि रुद्र दुबे बी काम प्रथम वर्ष में भी कालेज में द्वितीय स्थान किया था। रुद्र इंटर मीडिएट तक की शिक्षा बी बी एस स्कूल से किया था, रुद्र दुबे के एडीसी में टाप करने पर बाबा देवी चरण दुबे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विनोद तिवारी, भाजपा नेता संजय द्विवेदी, पत्रकार ओम प्रकाश मिश्र, वीरेंद्र कुमार दुबे, सत्य प्रकाश मिश्र, सोमेश त्रिपाठी, राज किशोर मिश्र, सुनील तिवारी, कमलापति त्रिपाठी, सुधीर द्विवेदी आदि ने खुशी व्यक्त किया है

## कंधे पर स्टार लगाकर डीएम-एसपी ने दी दरोगा को बधाई



**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी बाराबंकी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा थाना कोतवाली नगर में नियुक्त हे0का0 अमर सिंह, हे0का0 रवीन्द्र प्रताप यादव व हे0का0 राम नवल बादल का उप-निरीक्षक के पद पर पदोन्नति होने पर कंधे पर स्टार लगाकर बधाई दी गई एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## तीन किलो गांजा के साथ तीन सप्लायर गिरफ्तार




**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** एसीपी धूमनगंज वरुण कुमार के निर्देश पर एयरपोर्ट पर क्षेत्र में गांजा की सप्लाई करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार कर तीन किलो गांजा बरामद करते हुए जेल भेज दिया।

थाना एयरपोर्ट पुलिस द्वारा शुक्रवार को अभियुक्तों प्रदीप कुमार पुत्र सूर्य प्रकाश प्रजापति निवासी शेरगढ़ थाना पिपरी जनपद कौशाम्बी, नीरज सिंह पुत्र स्व0 सुमन सिंह निवासी चन्द्रसेन थाना एयरपोर्ट जनपद प्रयागराज, नरेश कुम्हार पुत्र रामकरन प्रजापति निवासी हिन्गुवा ऊर्फ काठगांव थाना एयरपोर्ट जनपद प्रयागराज को देवघाट के पास थाना क्षेत्र एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से 3 कि0ग्रा0 अवैध गांजा व 1 मोटर साइकिल बरामद की गयी।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम**

प्रभारी निरीक्षक एयरपोर्ट अरुण कुमार सिंह,

उ0नि0 आशुतोष सिंह, उ0नि0 ताहिर हुसैन खां,उ0नि0 अरिहन्त जैन, हे0का0 योगेन्द्र प्रजापति, थाना एयरपोर्ट कमिश्नरेट प्रयागराज।

# गिनीज बुक में नाम दर्ज कराने के लिए मुक्त विश्वविद्यालय ने लगाया

## विश्वविद्यालय लगातार दिला रहा है योग की शपथ। कुलपति ने संभाली कमान, कुशल/अकुशल कर्मचारियों से भी किया संवाद

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** राजभवन, लखनऊ ने विश्व योग दिवस-2024 के अवसर पर विश्व में सर्वाधिक योग संबंधी शपथ का रिकॉर्ड बनाने के निर्देश मिलने के बाद प्रदेश का एकमात्र मुक्त विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय अपने लक्ष्य के बहुत करीब पहुंच चुका है। नवनियुक्त कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम की अभिप्रेरणा से विश्वविद्यालय के वर्तमान छात्र-छात्राओं के साथ ही पुरातन छात्रों में भी इस रिकॉर्ड में भागीदार बनने की ललक रंग दिखा रही है।

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय इस दिशा में गंभीर रूप से तैयारी शुरू कर दी है विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने विश्वविद्यालय परिसर क्षेत्र केदो एवं संबद्ध अध्ययन केदो से आग्रह किया है कि वह 17 लाख ऑनलाइन शपथ अभियान में शामिल होकर विश्वविद्यालय के शत प्रतिशत लक्ष्य में अपना योगदान करें, जिसे गिनीज वर्ल्ड ऑफ रिकॉर्ड में शामिल किया जा सके।

कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने बताया कि राज भवन ने लगभग 17 लाख ऑनलाइन शपथ एक सप्ताह के अंतर्गत 12 जून से 18 जून 2024 तक की तिथि निर्धारित करके रिकॉर्ड बनाने हेतु ऑनलाइन शपथ का मार्ग प्रशस्त किया है उन्होंने बताया कि प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुल अधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन में इस बनने वाले रिकॉर्ड को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी दर्ज करने की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने विश्वविद्यालय के शिक्षकों अधिकारियों कर्मचारियों पुरातन छात्रों विद्यार्थियों में उनके परिजनों से अनुरोध किया है कि वह ँ३३स्र२://१ुँदंल्ल८ङ्गस्रह्यीं.ल्ल पर जाकर योग संबंधी ऑनलाइन शपथ में उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय का नाम दर्ज कर



रिकॉर्ड बनाने में अपना सहयोग करें कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से क्षेत्रीय केदो के समन्वयकों एवं प्रभारी से भी आग्रह किया कि वह इस अभियान में निर्धारित लक्ष्य को अवश्य पूरा करें उन्होंने बताया कि ऑनलाइन शपथ पूर्ण होने पर ऑनलाइन प्राप्त होने वाले प्रमाण पत्र को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के समन्वयक एवं आयोजन सचिव के साथ साझा करें।

प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि पहले भी हम योग दिवस का आयोजन करते रहे हैं। यह दिवस केवल एक औपचारिकता नहीं होना चाहिए बल्कि यह दिवस अपने दृष्टिकोण को परिवर्तित करने के लिए है। जो अध्यापक हैं वह अपने विद्यार्थियों तक इस विचारधारा और दृष्टिकोण को प्रेषित करें। यही हमारा मुख्य उद्देश्य है।

प्रोफेसर सत्यकाम ने 'मुझे चांद चाहिए' उपन्यास का जिक्र करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्य एस्ट्रोनॉट हैं। आप जितने अच्छे एस्ट्रोनॉट होंगे, चांद उतना ही करीब होगा। प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि विश्वविद्यालय के 25 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। सभी लोगों ने इसे सींच कर बहुत आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय हम सब की मां है। जितनी ज्यादा से ज्यादा सेवा करेंगे उतना लाभ मिलेगा। भारतीय परंपरा में मां की सेवा का पुण्य लाभ ज्यादा से ज्यादा मिलता है। हमारा विश्वविद्यालय इन कार्यों के माध्यम से आगे बढ़ेगा।

उन्होंने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए गोद लिए गांव में भी टोलियां बनाकर लोगों को योग के प्रति अभिप्रेरित करने का निर्देश दिया। महिला अध्ययन केंद्र की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र के सदस्य गोद लिए गांवों में जाएं और फील्ड वर्क करें। प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि वही विश्वविद्यालय तेजी से आगे बढ़ता है जिसमें अध्यापक पूरी संजीदगी,ईमानदारी और उत्साह से काम करते हैं। अध्यापकों को सबसे ज्यादा चिंता अपने विश्वविद्यालय की एवं विद्यार्थियों की होती है। हम विद्यार्थियों तक पहुंच जाएंगे, हमें इसकी उम्मीद है। उन्होंने कहा कि जितना उत्साह सभी के अंदर लक्ष्य की प्राप्ति को लेकर है उससे आशा जगती है कि हम लक्ष्य को अवश्य पार कर लेंगे।

कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कुशल एवं अकुशल कर्मचारियों से मुखातिब होते हुए कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय मातृस्थली भी है और कर्मस्थली भी है और यहीं से दाना पानी भी है। जहां दाना पानी होता है उस मिट्टी से विशेष लगाव होता है और उस मिट्टी को मस्तक पर लगाकर हम अपने कार्य में जुट जाना चाहते हैं। उन्होंने कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वह बहुत कर्मठ और कर्मशील हैं और अपनी योग्यता का 100% योगदान विश्वविद्यालय के कार्य में कर रहे हैं। कुलपति ने कहा कि अब एक बड़ा काम आ गया है। गिनीज बुक में उत्तर प्रदेश का नाम दर्ज होना है। इसके लिए विश्वविद्यालय की तरफ से हम सभी अपने लक्ष्य को भेदने में अपनी सकारात्मक ऊर्जा एवं सामाजिक प्रतिबद्धता का उपयोग करें और इस अभियान को सफल बनाएं।

इससे पूर्व कुलपति का स्वागत कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के निदेशकों एवं वरिष्ठ शिक्षकों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## कुशीनगर पुलिस ने हत्या के पांच आरोपी को दबोचा ,पिस्टल व कार बरामद



**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी कसया कुन्दन कुमार सिंह के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को थाना कप्तानगंज एवं साईबर पुलिस टीम द्वारा घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में सम्मिलित 5 अभियुक्तों शनी शर्मा उर्फ यशवन्त शर्मा पुत्र जनार्दन शर्मा उर्फ पप्पू शर्मा साकिन बन्देलीगंज दुर्गा मोहल्ला वार्ड नं0 एक थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर .कुलदीप साहनी उर्फ बोतल पुत्र किशुन साहनी निवासी वार्ड नं0 सात बंदेलीगंज कप्तानगंज थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर .अमन यादव पुत्र स्व0 बांके लाल यादव निवासी वार्ड नं0 सात बंदेलीगंज कप्तानगंज थाना कप्तानगंज, विशाल चौधरी पुत्र राजू चौधरी निवासी वार्ड नं0 पांच बंदेलीगंज कप्तानगंज थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर, अंकित यादव पुत्र लालबहादुर यादव निवासी वार्ड नं0 पांच बंदेलीगंज कप्तानगंज थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर को इन्दरपुर चौराहा से मय आलाकत्ल एक अदद पिस्टल (कन्ट्रीमेट) .32 बोर व घटना में प्रयुक्त चार पहिया वाहन स्वीफ्ट डिजायर एवं एक अदद स्कूटी को बरामद किया गया ।

## गंगा तट पर भागवद् कथा कल से, महामंडलेश्वर आमंत्रित



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** तीर्थराज प्रयागराज के गंगा तट रसूलाबाद घाट पर 16 जून रविवार से श्रीमद् भागवद् कथा होने जा रही है। पहले दिन सुबह नौ बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। भागवद कथा 17 जून की शाम चार बजे से शाम सात बजे तक होगी। भागवद कथा की पूणार्हुति 23 जून को और विशाल भण्डारा 24 जून को होगा। कथा व्यास स्वामी वासुदेव प्रपन्नाचार्य जी महराज (आचार्य शिव प्रकाश मिश्र) ने आज उप्र किन्नर वेलफेयर बोर्ड की वरिष्ठ सदस्य और किन्नर अखाड़ा की प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरी (टीना मां) को उनके न्यू इन्द्रपुरी, बैरहना स्थित आवास पर श्रीमद्भागवद् कथा में शामिल होने के लिए पत्र देकर आमंत्रित किया?। इस पर महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि महाराज ने श्रीमद्भागवद् कथा में शामिल होने के कहा। महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि महाराज ने कहा कि तीर्थराज प्रयागराज में गंगा तट पर कथा करने, कथा सुनने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है ऐसे में प्रत्येक सनातन धर्मी को प्रतिदिन समय निकालकर भागवद् कथा परिवार , पड़ोसियों और नाते- रिश्तेदारों के साथ जरूर सुनना चाहिए। उप्र किन्नर वेलफेयर बोर्ड की वरिष्ठ सदस्य और किन्नर अखाड़ा की प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि महाराज ने कथा व्यास स्वामी वासुदेव प्रपन्नाचार्य जी महराज (आचार्य शिव प्रकाश मिश्र) और यातायात पुलिस के इंस्पेक्टर पवन पांडेय को अंगवस्त्रम और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

## शिवकुटी पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** डीसीपी नगर दीपक भूकर के निर्देश पर शिवकुटी पुलिस वांछित वारंटी आरोपी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।
शिवकुटी थानाध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया कि क्षेत्र में वांछित वारंटी आरोपी की तलाश में चेकिंग के दौरान एक वारण्टी सत्येन्द्र पुत्र बुद्धीराम निवासी 89 तेलियरगंज स्टेट बैंक के पीछे थाना शिवकुटी प्रयागराज को उसके निवास स्थान से गिरफ्तार किया गया।

# यातायात: सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए चलाया चेकिंग अभियान





**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी ।** ह्लयातायात एवं सड़क सुरक्षाह्व के दृष्टिगत यातायात के नियमों का पालन कराने हेतु पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद बाराबंकी द्वारा वाहनों की सघन चेकिंग हेतु चलाये गये अभियान के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी सी0 एन0 सिन्हा व क्षेत्राधिकारी नगर जगतराम कन्नौजिया जनपद बाराबंकी द्वारा पटेल तिराहे पर कड़ी धूप एवं भीषण गर्मी में वाहनों की संघन चेंकिग करते हुए प्राइवेट वाहनों पर लगे हूटर/काली फिल्म/प्रेशर हॉर्न/प्रतिबन्धित पुलिस लोगो को उतरवाया गया एवं यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गई तथा वाहन चालकों को भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने हेतु निर्देशित किया गया।

# नव निर्मित पुलिस चौकी रामनगर का डीएम एसपी ने किया लोकार्पण





**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी ।** जिलाधिकारी बाराबंकी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह कोतवाली नगर क्षेत्र में नव निर्मित पुलिस चौकी रामनगर मोड़ का लोकार्पण किया गया । तत्पश्चात चौकी परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया ।
इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा, उप जिलाधिकारी नवाबगंज विजय त्रिवेदी, क्षेत्राधिकारी नगर जगतराम कनौजिया, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# डीएम ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफलतापूर्वक आयोजित किये जाने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

### अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भव्य एवं व्यवस्थित तरीके से योग कार्यक्रमों का किया जाय आयोजन



**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** डीएम राजेश कुमार राय द्वारा उदयन सभागार में दशम् ह्लअन्तर्राष्ट्रीय योग दिवसह्व (21 जून 2024) को सफलतापूर्वक आयोजित किये जाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की गई।
बैठक में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ0 अक्षय लाल ने बताया कि दशम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 को मनाया जाना है। इस वर्ष का थीम ह्लयोग स्वयं एवं समाज के लिएह्व है। जनमानस को स्वास्थ्य लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से 15 जून से 21 जून 2024 तक योग सप्ताह मनाया जाना है। 15 जून को योग सप्ताह का शुभारम्भ किया जाना हैं।
जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर शासनादेशानुसार योग सप्ताह एवं ह्लअन्तर्राष्ट्रीय योग दिवसह्व (21 जून 2024) को भव्य एवं व्यवस्थित तरीके से कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश देते हुए कहा कि योग कार्यक्रम में मा0 जनप्रतिनिधियों को आमन्त्रित किया जाय। कार्यक्रम स्थल पर बैठने के लिए दरी/गद्दा आदि, पेयजल एवं साउण्ड सिस्टम, टी-शर्ट, बैनर आदि व्यवस्थायें सुनिश्चित कर लिया जाय। कार्यक्रम जनपद मुख्यालय, तहसील, ब्लॉक, माध्यमिक विद्यालयों, ग्राम पंचायतां में स्थित अमृत सरोवरों/प्राथमिक विद्यालयों, ऐतिहासिक महत्व के स्थलों एवं नदी के तट आदि स्थानों पर आयोजित किया जाय। उन्होंने योग से सम्बन्धित संस्थाओं एवं योग प्रशिक्षकों से समन्वय कर सहयोग प्राप्त करते हुए जन-सहभागिता सुनिश्चित कर कार्यक्रम आयोजित कराने तथा योग कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दियें। उन्होंने कार्यक्रम से सम्बन्धित फोटोग्राफ्स ह्लआयुष कवच एपह्व पर अपलोड करने के भी निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर ह्लअन्तर्राष्ट्रीय योग दिवसह्व कार्यक्रम का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम, टेंवा में किये जाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियॉ समय से पूर्ण कर लिया जाय।
बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड एवं प्रबुद्ध सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार एवं सभी खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## विद्युत करंट की चपेट में आने से किशोर की मौत

**रुदौली-अयोध्या। बाबा बाजार** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा गोडियन पुरवा मजरे सैदपुर गांव में विद्युत विभाग की लापरवाही के एक विद्युत करंट की चपेट में आ जाने से उसकी मौत हो गई।इस घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है वही विद्युत विभाग के विरुद्ध आक्रोश व्याप्त हैं। मामला सीओ सर्किल रुदौली क्षेत्र अंतर्गत बाबा बाजार थाना क्षेत्र के गोडियन पुरवा मजरे सैदपुर में विद्युत विभाग द्वारा 11 केबी की नई लाइन बनवाई गई थी लेकिन विभाग के अधिकारियों एवं कार्यदाई संस्था की लापरवाही के कारण विद्युत तार बृहस्पतिवार को अचानक टूट कर नीचे गिर गया जिसकी चपेट में आकर एक किशोर गंभीर रूप से झुलस गया।स्थानीय लोगों ने फौरन इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली खैरन पुर भेजवाया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसकी मौत हो गई।

# पुलिस परिसर को साफ सुथरा रखने के लिए सख्त निर्देश- बृजेश श्रीवास्तव





**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी ।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस लाइन कौशाम्बी में शुक्रवार की परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का टोली बार निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन किया गया। पुलिस कर्मियों को फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई। परेड के उपरान्त एसपी द्वारा क्वार्टर स्थित गार्द की सलामी ली गई तथा परिवहन शाखा, पुलिस कैंटीन, जिम, बैरिकों, डायल 112, डीसीआर, मेंस एवं पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण कर संबंधित को साफ-सफाई रखने के सख्त निर्देश दिए गए तथा ओआर हेतु उपस्थित पुलिस कर्मियों का ओआर किया गया ।

## पुलिस मुठभेड़ में इनामिया अपराधी गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी।** थाना सफदरगंज व स्वाट टीम द्वारा ग्राम करमुल्लापुर दादरा ठेका तिराहा के पास रात्रि चेकिंग की जा रही थी, चेकिंग के दौरान 02 बदमाश मोटर साइकिल से आते हुए दिखाई दिए, पुलिस टीम द्वारा बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो पुलिस टीम को देखकर गिरफ्तारी से बचने हेतु बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गई। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त ओमप्रकाश रावत उर्फ संतोष उर्फ ओपी पुत्र तुलसीराम निवासी खरेटी पोस्ट गवारी थाना थानगांव जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। अन्य फरार अभियुक्त शादाब पुत्र समी अहमद निवासी रहलामऊ चीनी मिल थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा तलाश की जा रही है। गिरफ्तार बदमाश के कब्जे से 10,000/- रुपये नकद 01 अदद तमंचा .315 बोर, 01 अदद खोखा व 01 अदद जिंदा कारतूस, 01 अदद मोटर साइकिल, बरामद कर थाना सफदरगंज पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। आरम्भिक पूछताछ में ज्ञात हुआ कि घायल/ गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध जनपद बाराबंकी व सीतापुर में लगभग 01 दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। अभियुक्त ओमप्रकाश थाना सफदरगंज पर में वांछित व 20,000/- रुपए का पुरस्कार घोषित अपराधी था।

## प्रयागराज मण्डल के अधिकारियों की उत्तर मध्य रेलवे मेंस यूनियन के साथ दो दिवसीय पीएनएम बैठक सम्पन्न



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज ।** प्रयागराज मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक हिमांशु बडोनी की अध्यक्षता में प्रयागराज मण्डल के अधिकारियों की उत्तर मध्य रेलवे मेंस यूनियन (एन.सी.आर.एम.यू) के जोनल महामंत्री आर.डी. यादव, मण्डल अध्यक्ष, मनोज त्रिपाठी एव मण्डल मंत्री डी.एस. यादव सहित पदाधिकारियों के साथ दो दिवसीय पी.एन.एम बैठक के दूसरे दिन का आयोजन प्रयागराज मण्डल कार्यालय के संकल्प सभागार में किया गया। इस बैठक में प्रयागराज मण्डल के अपर मण्डल रेल प्रबन्धक/सामान्य, संजय सिंह; वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी एम के खरे; वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर/चतुर्थ सुधीर कुमार; वरिष्ठ मण्डल विधयुत इंजीनियर/समन्वय कुँवर सिंह यादव; वरिष्ठ मण्डल सिग्नल एंड टेलिकाम इंजीनियर उज्वल निगम; वरिष्ठ मण्डल वित्त प्रबंधक आशुतोष शर्मा सहित अन्य विभागों के शाखा अधिकारी उपस्थित थे।

इस बैठक में एन.सी.आर.एम.यू के जोनल महामंत्री आर.डी. यादव ने मण्डल रेल प्रबंधक के मार्ग निर्देशन में मण्डल की प्रगति पर बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने कर्मचारियों की समस्याओं से मण्डल रेल प्रबंधक को अवगत कराकर उन पर विचार विमर्श किया। आर.डी. यादव ने अनुग्रह करते हुए नियुक्ति में सरलता, केंद्रीय चिकित्सालय में मरीज व उसके साथ आए परिचारक के ठहरने के लिए प्रतीक्षालय, कार्य स्थल पर महिला कर्मचारियों के लिए मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति, परित्यक्त कालोनियों को हटाने, सभी कर्मचारियों के लिए स्वच्छ व सुरक्षित ठंडे पानी की व्यवस्था, रेलवे आवासों का उचित रक्ष-रखाव जैसे विषयों पर अपनी बात रखी।

मण्डल रेल प्रबन्धक हिमांशु बडोनी ने एन.सी.आर.एम.यू के जोनल महामंत्री आर.डी. यादव एवं उपस्थित सभी पदाधिकारियों का बैठक में स्वागत किया और एन.सी.आर.एम.यू के सहयोग की सराहना करते हुये कहा कि प्रयागराज मण्डल के उत्कृष्ट प्रदर्शन में आप सभी का बड़ा योगदान है। मण्डल रेल प्रबन्धक ने कहा एन.सी.आर.एम.यू के द्वारा बताए गए सभी विषयों पर अधिकारियों के सहयोग से शीघ्र अतिशीघ्र समाधान दे दिया जाएगा । आवासों का निर्माण पूरे मण्डल में तेजी से किया जा रहा है, जिससे वर्ष 2024 के अंत तक पर्याप्त संख्या में आवास उपलब्ध हो जाएंगे । सभी कार्यालयों में स्वच्छ व सुरक्षित ठंडे पानी की उपलब्धता के लिए तत्काल निर्देश दे दिये गए हैं । इस बैठक में एन.सी.आर.एम.यू के प्रयागराज, कानपुर, शंकरगढ़ और टूंडला में कार्यरत पदाधिकारियों ने भागीदारी की।
बैठक का संचालन वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी एम.के. खरे द्वारा किया गयो

# चप्पे चप्पे पर नजर रखने के लिए पुलिस विभाग में 15 पीआरवी और 7 बाइकें शामिल

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर।** अपर पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स में जनपद को प्राप्त यूपी 112 की कुल 15 चार पहिया व 07 दो पहिया वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया । अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की भव्यता पर सभी को धन्यवाद देते हुए सराहना की गई । महोदय द्वारा कहा गया कि हम सभी व्यक्तिगत रूप से अपने कर्तव्यों, जिम्मेदारियों का उत्साहपूर्वक निर्वहन करते हुए अपने स्तर पर ही बेहतर करने का प्रयास करें। एएसपी द्वारा जनपद कुशीगर की यूपी 112 की रिस्पान्स टाइम जो 10 मिनट से कम रहा है कि सराहना की गयी । महोदय द्वारा इस अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए जनपद के कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में उपलब्ध कराये गये वाहनों का बेहतर ढंग से उपयोग कर आम जनमानस को सहायता देने की अपील की गयी ताकि जनपद में शासन द्वारा कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियानों में और अधिक सफलता प्राप्त हो।







# आप भी हेल्दी समझ डाइट में शामिल करते हैं ये 5 Ultra Processed Foods, तो जानें इनकी असलियत



इन दिनों लोगों की लाइफस्टाइल तेजी से बदलने लगी है और इसी के साथ ही उनके खानपान की आदतें भी बदलने लगी है। ऐसे में जंक (छ्ह्ह्ड्ड सश्थश्सह्य) और प्रोसेस्ड फूड आज के लोगों की जीवनशैली का हिस्सा बन चुके हैं। हालांकि जीभ को लुभाने वाले ये फूड्स सेहत के लिए बेहद हानिकारक होते हैं। आइए जानते हैं 5 ऐसे ultra processed foods के बारे में जो अनहेल्दी होते हैं।

पेट भरने के अलावा खाना हमारे शरीर को एनर्जी देने का भी काम करता है। हालांकि, इन दिनों खानपान की बदलती आदतों की वजह से हम अक्सर स्वाद के चक्कर में ऐसी हानिकारक चीजें जैसे जंक (Junk Foods) और प्रोसेस्ड फूड (ultra processed foods) खा लेते हैं, जिससे जीभ को तो भरपूर आनंद मिलता है, लेकिन यह सेहत जरा भी रास नहीं आता। कैंड, बेक्ड, फ्रोज़न, पास्टराइज फूड्स जिन्हें इमलसिफायर, स्वीटनर, सॉस, स्टेबलाइजर इन्हीं फूड्स में से एक हैं।

यह स्वाद में लाजवाब होने के साथ ही दाम में भी किफायती होते हैं, जिसकी वजह से लोग बेधड़क इनका इस्तेमाल करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि ये अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड जिन्हें आप हेल्दी समझते हैं, वे असल में कितने हानिकारक होते हैं, अगर नहीं तो आज जानेंगे ऐसे 5 अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स के बारे में, जिन्हें आप हेल्दी समझते हैं

**फ्लेवर वाले योगर्ट**

इनकी मार्केटिंग ऐसे ही होती है, जिससे ये लगता है कि ये फ्रूट्स और डेयरी से बना बेहद पौष्टिक आहार है, लेकिन असल में ये एक्स्ट्रा शुगर और स्वीटनर के साथ प्रिजर्वेटिव से भरा दही का डिब्बा है, जो लंबे समय तक खराब नहीं होता है। इसकी जगह घर की जमी ताजी प्लेन दही खाएं।

**ब्रेकफास्ट सीरियल्स**

कॉर्नफ्लेक्स, म्युस्ली, चॉको फ्लेवर के दूध में डालने वाले इन रेडी टू ईट प्रोडक्ट्स में नमक, चीनी और स्वीटनर की भारी मात्रा होती हैं, जिनके बारे में शायद आपको पता भी न हो। इससे बेहतर है कि आप घर की बनी मेवा वाली खीर, ओवरनाइट ओट्स या चिया सीड्स या प्लेन उबले अंडे ब्रेकफास्ट में खाएं।

**ब्राउन ब्रेड**

कहने के लिए ये मैदे से नहीं बल्कि गेंहू से निर्मित होती हैं, लेकिन इनकी सच्चाई ये है कि ये मैदे से ही बनी होती हैं, जिसमें गेंहू की नाम मात्र मात्रा होती है और कुछ लोग तो इसमें गेंहू की जगह मात्र रंग डालकर इसका रंग गेंहुआ कर देते हैं। ऐसे में इनकी जगह घर के बनी रोटी, पूरी, पराठे खाएं।

**बनाना चिप्स**

हेल्थ फ्रीक आलू के चिप्स से भागते हैं, लेकिन वे बनाना चिप्स को हेल्दी मानते हैं। हालांकि, बनाना यानी केले के चिप्स भी डीप फ्राई होते हैं और इनमें फ्लेवर और शेल्फ लाइफ बढ़ाने के लिए एडिटिव और प्री-जर्वेटिव का इस्तेमाल किया जाता है, जो इसे हानिकारक बनाता है।

**फ्रेश टोमैटो सॉस**

ताजा बागों से टमाटर तोड़ कर सॉस बनाने का क्लेम करने वाली कंपनियां असल में उसमें भर के नमक, चीनी और एडिटीव्स डालते हैं। इसलिए अच्छा होगा कि आप घर में ही टमाटर ब्लेंड करें और इसमें हेल्दी हर्ब्स डाल कर इसे पौष्टिक बनाएं।

# मोहन भागवत ने जो कहा और जो नहीं कहा

सरकार गठन और मोदी का परिवार खत्म होने की हलचलों के बीच एक महत्वपूर्ण घटना और घटी। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने नागपुर में दिए एक भाषण में कुछ ऐसी बातें कहीं, जिनके बाद यह कहा जाने लगा कि संघ और भाजपा के बीच दरार और बढ़ गई है। दरअसल मोहन भागवत ने मणिपुर में एक बरस से अधिक वक्त से जारी हिंसा का समाधान ढूंढने और शांति बहाली पर जोर दिया।

नडीए सरकार के गठन को जुम्मा-जुम्मा आठ दिन भी नहीं हुए कि अभी से इसमें बिखराव की खबरें आने लगीं हैं। तेदेपा और जदयू जैसे दलों के सहारे इस बार की एनडीए सरकार खड़ी हुई है। इसलिए इन दलों को मोदी की बैसाखी कहा जा रहा है। एक भी बैसाखी अलग हुई नहीं कि सरकार लड़खड़ा जाएगी या गिर जाएगी, यह राजनीति के जानकारों का कहना है। इसमें कुछ गलत भी नहीं है, क्योंकि अतीत में एनडीए सरकार के साथ ऐसा हो चुका है। अटल बिहारी वाजपेयी भी तीन बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ले चुके हैं, लेकिन तीन में से दो बार उनकी सरकार गिर गयी थी, एक बार 13 दिन और एक बार 13 महीने में। केंद्र और राज्यों में कई उदाहरण मौजूद हैं, जब गठबंधन सहयोगियों के अचानक अलग हो जाने के कारण अच्छी-खासी चल रही सरकार गिर गई और सत्ताधारियों को विपक्ष में बैठना पड़ा। बिहार इसका ताजातरीन उदाहरण है, जहां नीतीश कुमार ने इंडिया गठबंधन को झटका देकर भाजपा का साथ दे दिया। हरियाणा में भी ऐसा होने के कयास लग रहे थे, लेकिन वहां अब तक भाजपा की सरकार कायम है। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर अब केन्द्रीय मंत्रिमंडल का हिस्सा बन गए हैं। वे संघ के दिनों के नरेन्द्र मोदी के साथी हैं, लिहाजा उन्हें यथोचित सम्मान मिल गया। इसी तरह शिवराज सिंह चौहान को जब मध्यप्रदेश का मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया और उसके बाद लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी बनाया गया, तो सवाल उठने लगे थे कि आखिर इसके पीछे क्या रणनीति है। संघ की शाखाओं में दीक्षित शिवराज सिंह चौहान भारी मतों से जीत कर संसद पहुंचे और अब वे भी मंत्रिमंडल में सुशोभित कर दिए गए हैं।

तीसरी बार भाजपा नेतृत्व में गठित एनडीए सरकार में संघ का क्या प्रभाव है, यह बात इन दो उदाहरणों से समझी जा सकती है। गठबंधन के साथी नीतीश कुमार, चंद्रबाबू नायडू, चिराग पासवान, जीतनराम मांझी या रामदास अठावले इस प्रभाव से अनजान हों, ऐसा भी नहीं है। लेकिन उन्हें भी शायद अब तक इससे तकलीफ नहीं है, क्योंकि सत्ता में बने रहने के लिए जो थोड़ा बहुत सामंजस्य बिठाना पड़ता है, समझौते करने पड़ते हैं, वे दोनों तरफ से किए जा रहे हैं। हालांकि कब तक आपसी समझदारी दिखाई जाती रहेगी, यह सवाल अब भी अनुत्तरित ही हैं।



बहरहाल, सत्ता गठन के लिए किए गए समझौतों की इस पृष्ठभूमि में संघ के प्रभाव के साथ-साथ उसके उद्देश्यों को समझना कठिन नहीं है। हाल ही में कुछ ऐसे वाकये हुए हैं, जिनसे इस बात को थोड़े और खुलासे के साथ समझा जा सकता है। नरेंद्र मोदी ने चुनावों में जनता के समर्थन के लिए मंगलवार को आभार व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि वे अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल से %मोदी का परिवार% का नारा हटा लें। गौरतलब है कि लालू प्रसाद ने जब परिवार के महत्व पर अपने भाषण में नरेन्द्र मोदी को घेरते हुए कहा था कि अपनी मां के देहांत के बाद भी उन्होंने बाल नहीं मुंडवाए थे, तो इसके जवाब में श्री मोदी ने पूरे भारत के लोगों को अपना परिवार बताया था और फिर भाजपा नेताओं समेत कई मोदी समर्थकों ने सोशल मीडिया में अपनी पहचान में मोदी का परिवार लिखना शुरु कर दिया था। अब नरेन्द्र मोदी उन्हें इस पहचान को खत्म करने के लिए कह रहे हैं। यह काफी अजीब बात है कि कोई परिवार किसी मकसद के पूरा हो जाने के बाद खत्म करने के लिए कहा जाए। क्या सनातनी संस्कृति को मानने वाले इस बात से सहमत होंगे कि परिवार कांट्रैक्ट के आधार पर बने और फिर खत्म भी हो जाए।राजनीति में कुछ भी अकारथ नहीं होता, इसलिए नरेन्द्र मोदी की इस अपील के पीछे असल मकसद क्या है, यह शायद भविष्य में पता चले। एक अन्य आश्चर्य वाली बात यह है कि भाजपा की आधिकारिक वेबसाइट में मार्गदर्शक मंडल विभाग में चार तस्वीरें हैं, जिनमें सबसे पहली तस्वीर नरेन्द्र मोदी की है, फिर लालकृष्ण आडवानी, मुरली मनोहर जोशी और फिर राजनाथ सिंह। 2014 में जब मार्गदर्शक मंडल बना था, तब भी नरेन्द्र मोदी और राजनाथ सिंह का नाम तो इनमें शामिल था, लेकिन इसका उल्लेख कभी नहीं किया जाता था। जिनकी आयु 75 पार की हो गई है, वे इसमें शामिल होंगे, यह सामान्य समझ थी। श्री मोदी अगले बरस 75 के होंगे और राजनाथ सिंह उनसे एक साल छोटे हैं। फिर इन दो नेताओं की तस्वीरें किसलिए भाजपा के मार्गदर्शक मंडल में शोभायमान हो रही हैं, यह भी चर्चा का विषय है।

सरकार गठन और मोदी का परिवार खत्म होने की हलचलों के बीच एक महत्वपूर्ण घटना और घटी। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने नागपुर में दिए एक भाषण में कुछ ऐसी बातें कहीं, जिनके बाद यह कहा जाने लगा कि संघ और भाजपा के बीच दरार और बढ़ गई है। दरअसल मोहन भागवत ने मणिपुर में एक बरस से अधिक वक्त से जारी हिंसा का समाधान ढूंढने और शांति बहाली पर जोर दिया, इसके अलावा उन्होंने कुछ ऐसी बातें कहीं, जिनसे आभास हुआ कि ये सब नरेन्द्र मोदी को नसीहत देने के लिए कहा गया है। जैसे, श्री भागवत ने कहा कि एक %सेवक% को अपने काम पर गर्व होना चाहिए, लेकिन उसे %असंबद्ध% और %अहंकार से रहित% होना चाहिए। यहां राष्ट्रीय स्वयंसेवकों को नसीहत है या खुद को देश का प्रधानसेवक कहने वाले श्री मोदी को, यह स्पष्ट नहीं किया गया। फिर चुनाव परिणामों को सहजता से स्वीकार करके, उसके विश्लेषण के चक्कर में न पड़ने की राय देते हुए मोहन भागवत ने कहा कि चुनावों को %युद्ध% की तरह नहीं देखा जाना चाहिए। संघ हर चुनाव में जनमत को परिष्कृत करने का काम करता है और वह परिणामों के विश्लेषण में नहीं उलझता। संभवत- मोहन भागवत का आशय यह था कि श्री मोदी कितने वोट से हार से बच गए और भाजपा की कहां, कितनी सीटें कम हुईं, या राम मंदिर का मुद्दा काम क्यों नहीं आया, हिंदुत्व की धार भोथरी क्यों पड़ी, इस पर माथापच्ची करने से बेहतर है कि संघ जिस तरह जनमत को परिष्कृत यानी जनता की मानसिकता को प्रभावित करने का काम उसे पूर्ववत करता रहे, बल्कि उसमें तेजी लाए, ताकि इस बार जो कसर रह गई, वो अगली बार पूरी हो जाए।

ध्यान रहे कि अगले साल यानी 2025 में संघ की स्थापना के सौ बरस पूरे हो रहे हैं। जिस भारत को बनाने में संघ का कोई योगदान नहीं रहा, उसकी आजादी के 75 बरस को जब श्री मोदी ने राजनैतिक फायदे के लिए इतना भुनाया, वो भला संघ की शताब्दी के अवसर को सूखे में कैसे जाने दें। इसलिए अभी से संघ और नरेन्द्र मोदी इसकी तैयारी कर रहे हैं, यह मान ही लेना चाहिए। वैसे भी संघ इसकी तैयारी बहुत पहले से कर रहा है। अक्टूबर 2022 में उप्र में संघ की चार दिन की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक हुई थी, जिसमें संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने बताया था कि %2024 के अंत तक देश के सभी मंडलों में शाखा पहुंचाने की योजना बनाई गई है, इसके अलावा संघ कार्य को लेकर समय देने के लिए देशभर में तीन हज़ार युवक शताब्दी विस्तारक के लिए निकल चुके हैं और एक हज़ार शताब्दी विस्तारक और निकलने वाले हैं।यह बात दो साल पहले की है, तो इसका मतलब कम से कम पांच-सात हजार विस्तारक यानी पूर्णकालिक प्रचारक की जगह अपने काम के साथ-साथ संघ का प्रचार करने वाले लोग देश भर में निकले होंगे। राम मंदिर के उद्घाटन से पहले हर घर अक्षत बांटने का काम ऐसे ही नहीं हुआ है।इसलिए जे पी नड्डा का बयान कि भाजपा को अब संघ की जरूरत नहीं है, या मोहन भागवत की मणिपुर और चुनाव को लेकर दी गई ताजा नसीहत या यह मानना कि इस बार भाजपा की सीटें कम हुईं क्योंकि संघ ने उसका साथ नहीं दिया, दरअसल एक छलावे से अधिक कुछ नहीं है। कार्पोरेट की मदद से नरेन्द्र मोदी को 2014 में सत्ता पर बिठाने में संघ ने सफलता हासिल की। उसके बाद राम मंदिर उद्घाटन, काशी-मथुरा पर नए सिरे से माहौल बनाना, जम्मू-कश्मीर से 370 का खात्मा और सांप्रदायिक वैमनस्य की खाई को और चौड़ा करने तक अपने कई एजेंडो को संघ ने पूरा किया। इन्हीं दस सालों में नाथूराम गोडसे को महान बताने वाले संसद पहुंचे। गोडसे और सावरकर पर फिल्में बनाकर जनमत को परिकृष्त करने का काम भी हुआ। गांधी के चश्मे को स्वच्छता अभियान के कचरे में डाल दिया गया और नरेन्द्र मोदी ने एक बार भी गोडसे मुर्दाबाद नहीं कहा। इसका मतलब यही है कि संघ अब भी सत्ता में बैठे लोगों के लिए पहले जितना ही प्रासंगिक है।

अपने भाषण में मोहन भागवत ने ये भी कहा कि पिछले 10 सालों में बहुत सारी सकारात्मक चीज़ें हुई हैं हमने अर्थव्यवस्था, रक्षा रणनीति, खेल, संस्कृति, प्रौद्योगिकी आदि जैसे कई क्षेत्रों में प्रगति की है। और साथ में डॉ. आंबेडकर को याद करते हुए कहा कि उन्होंने कहा था, किसी भी बड़े परिवर्तन के लिए आध्यात्मिक कायाकल्प आवश्यक है।मोहन भागवत ने क्या कहा और लोगों को क्या समझाना चाहा, यह सब गड्ड-मड्ड है। लेकिन संघ का हिंदू राष्ट्र वाला उद्देश्य तो जनता जानती ही है। जिन लोगों ने गणेशजी को दूध पिलाने की अफवाह में एक झटके में पूरे देश को लपेट लिया था, उनके लिए अपने मकसद को जनता के बीच फैलाना क्या मुश्किल होगा।

## संपादकीय

# नागरिक उठायें विश्व शांति के पक्ष में आवाज़

मंगलवार को प्रकाशित हुई ग्लोबल पीस इंडेक्स की रिपोर्ट चिंताजनक है। इसके अनुसार हाल में दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में 56 संघर्ष हुए हैं। दूसरे विश्व युद्ध के बाद के पिछले लगभग 8 दशकों में इतनी अधिक अशांति कभी नहीं रही। यह रिपोर्ट आंकड़ों में प्रकाशित हुई है लेकिन ऐसी अशांति दुनिया को किस ओर ले जा रही है, यह बतलाने की ज़रूरत नहीं। इन संघर्षों के कारण होती तबाही से विकास पीछे रह जाता है। रिपोर्ट दुनिया भर में शांति बहाली के नये प्रयासों की जरूरत को भी दर्शाती है। संघर्षों में एक ओर देशों को अपने बजट का बड़ा हिस्सा सेनाओं, गोला-बारूद आदि पर खर्च करना पड़ता है जिसके कारण नागरिकों की सुविधाओं में कटौतियां होती हैं। विस्थापन, मौतें, भुखमरी, बीमारियां, अशिक्षा आदि युद्धों का प्रत्यक्ष प्रतिफल है। स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बिजली, पानी, आवास व्यवस्थाएं या तो सीधी लड़ाइयों में बर्बाद होती हैं अथवा उन पर खर्च करना उन देशों की सरकारों के लिये कठिन हो जाता है जो संघर्षों में शामिल होते हैं। वैश्विक शांति के बिना मानव के विकास और उसकी गरिमा की कल्पना नहीं की जा सकती। यह स्थिति सभ्य समाज के अनुकूल नहीं है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 11 करोड़ लोग लड़ाइयों के चलते विस्थापित हुए हैं या शरणार्थी शिविरों में जीवन जी रहे हैं।रिपोर्ट में बतलाया गया है कि 92 देशों की सीमाओं पर या तो युद्ध जारी हैं अथवा वहां युद्ध सदृश्य परिस्थितियां हैं। 97 देशों में शांति की स्थिति में गिरावट दर्ज की गयी है। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण यूरोप के तीन चौथाई देशों ने रक्षा बजट में व्यापक बढ़ोतरी की है। वहां पिछले दो वर्षों से अशांति बनी हुई है। ऐसे ही, इज़रायल के साथ फिलीस्तीन, ईरान आदि की लड़ाइयों के कारण बड़े पैमाने पर विनाश हुआ है। हजारों लोग मारे गये हैं और बड़ी संख्या में लोग विस्थापित हुए हैं। इन युद्धों के कारण अधोरचना का विनाश सर्वाधिक होता है। सड़कें, पुल, स्कूल भवन, अस्पताल, आवासों को जो क्षति होती है वह नागरिकों का सीधा नुकसान है। युद्ध चलते तक पुनर्निर्माण सम्भव नहीं होता और युद्ध रूकने के बाद देशों को बदहाली से उबरने में वर्षों लग जाते हैं। युद्ध के कारण माली हालत जर्जर हो जाती है। इन देशों के नागरिकों को अपना जीवन बदहाली में काटना होता है। अशांति का असर किस प्रकार से लोगों के जीवन पर पड़ता है वह इस तथ्य के आधार पर आंका जा सकता है कि इस रिपोर्ट में बताया गया है कि लड़ाइयों के कारण 19 लाख करोड़ डॉलर का नुकसान हुआ है जो दुनिया की जीडीपी का 13.5 फीसदी है- अमूनन प्रति व्यक्ति 2 लाख रुपये का नुकसान।इन स्थितियों में संयुक्त राष्ट्रसंघ की भूमिका पर भी प्रश्न चिन्ह लगा हुआ है। अक्सर माना जाता है; और जो बड़े पैमाने पर सही भी है कि बड़े व शक्तिशाली देशों पर संयुक्त राष्ट्रसंघ का बस नहीं चलता। उपरोक्त उल्लिखित दोनों ही देशों में ऐसा होता दिखा है। यहां यह भी समझ लेना ज़रूरी है कि बहुत से शक्तिशाली देश हथियार उत्पादक भी हैं जिनकी दिलचस्पी शांति में कम युद्ध या तनाव की स्थिति को बनाये रखने में होती है। दुनिया में चाहे शीत युद्ध समाप्त हो गया हो और विश्व एकध्रुवीय बन गया हो तब भी किसी संघर्ष या युद्ध के दौरान देखा जाता है कि दुनिया दो धड़ों में विभाजित हो जाती है। कुछ देश लड़ाई में शामिल एक पक्ष के साथ खड़े होते हैं तो कुछ दूसरे पक्ष के साथ। लड़ाई हो या न हो, परन्तु तनाव की यह स्थिति भी शक्तिशाली व हथियार निर्माता देशों के मुफ़ीद होती है। लड़ने के लिये अथवा सुरक्षा के मद्देनज़र उनके हथियार बिकते हैं। संयुक्त राष्ट्रसंघ एवं तटस्थ देशों की शांति की अपीलों को अनसुना कर कई देश तनाव को बढ़ाने के प्रयास करते हैं।इस रिपोर्ट में दक्षिण एशिया के सम्बन्ध में जो रिपोर्ट है वह कुछ सुकून भरी हो सकती है। पिछली रिपोर्ट के बाद भारत एवं उसके पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, अफगानिस्तान, श्रीलंका आदि की रैंकिंग सुधरी है। भारत के परिप्रेक्ष्य में कहें तो उसकी भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। तीसरी दुनिया कहे जाने वाले एशियाई, अफ्रीकी व लातिन अमेरिका के अविकसित व विकासशील देशों को अशांति का खामियाजा अधिक भुगतना पड़ता है।

# रियासी आतंकी हमला दर्शाता है अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण की सीमाएं

एनडीए को इस मामले में सावधानी से कदम उठाना चाहिए। वर्तमान स्थिति में, शत्रुतापूर्ण चीन और अविश्वासी पश्चिमी देशों के समूह का सामना करते हुए, उसे अपने घर को व्यवस्थित करना होगा। इसके लिए काम तय है। खालिस्तानियों द्वारा पेश की गयी चुनौती से सावधानीपूर्वक निपटना होगा। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि अमृतपाल सिंह ने अपने कांग्रेस प्रतिद्वंद्वी पर लगभग 2,00,000 वोटों के अंतर से जीत हासिल की है, जो पंजाब में सबसे अधिक है।सिख अलगाववादी अमृतपाल सिंह पंजाब के खडूर साहिब संसदीय क्षेत्र से विजयी होने से से केंद्र सरकार असमंजस में है। भारत सरकार इस बात पर अनिर्णीत है कि उनके साथ क्या किया जाना चाहिए। इस बात को लेकर अटकलें लगायी जा रही हैं कि क्या उन्हें असम के डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल से अंतरिम जमानत पर रिहा किया जायेगा, जहां उन्हें रखा गया है, या अन्य उपायों पर विचार किया जा रहा है।जो भी स्पष्टीकरण हो, सरकार की चुप्पी सब कुछ बयां कर रही है। न तो केंद्रीय गृह मंत्रालय और न ही केंद्रीय चुनाव आयोग ने चुनाव में खालिस्तानी समर्थक के जीतने की संभावना पर विचार किया था। यहां तक कि एक नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नयी सरकार के गठन को देखते हुए एक नरम आधिकारिक प्रतिक्रिया भी राजनीतिक चर्चाओं को शांत करने में मदद कर सकती थी।

सच तो यह है कि अमृतपाल सिंह की जीत ने भारत सरकार को चौंका दिया। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नीति निर्माता नई दिल्ली में %एनडीए गठबंधन' स्थापित करने में व्यस्त थे। बदलाव मुश्किल नहीं था, लेकिन ध्यान बंटाया नहीं जा सकता था। नयी एनडीए सरकार को काम पर लगना था और भाजपा के वर्चस्व वाले प्रशासन के पास खालिस्तानी समर्थकों के लिए समय नहीं था।इसके अलावा, नयी सरकार को कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। कश्मीर के रियासी जिले में हिंदू तीर्थयात्रियों की आतंकवादी हत्या, जहां अभी-अभी चुनाव हुए थे, उस दिन नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ले रहे थे, एक स्पष्ट चेतावनी थी कि नियंत्रण रेखा पर स्थिति स्थिर नहीं थी। आतंकवादी हमले में पाकिस्तान का हाथ होने से इनकार नहीं किया जा सकता।

आतंकी हमले का समय सावधानी से चुना गया था। पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन %नयी' नरेंद्र मोदी सरकार की परीक्षा लेना चाहते थे। यह भारत के खिलाफ एक स्पष्ट रूप से भड़काऊ कार्रवाई थी। जब पुलवामा हुआ, तो मोदी ने जोरदार तरीके से बात की थी और नियंत्रण रेखा के पार बालाकोट पर विनाशकारी जवाबी हमले का आदेश दिया था। उस समय मोदी की पार्टी भाजपा के पास लोकसभा की 543सीटों में से 303 सीटें थीं। आज स्थिति अलग है। भाजपा ने 63 सीटें खो दी हैं और 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद उसके पास केवल 240 सीटें हैं। क्या मोदी 3.0 सीमा पार से उकसावे से निपटने की स्थिति में है?रियासी आतंकी हमला एक अनूठी चुनौती है। कोई आश्चर्य नहीं कि तीसरी बार स्थापित मोदी सरकार को प्रतिक्रिया देने में इतना समय लग गया। रिकॉर्ड के लिए, यह केवल पाकिस्तान ही नहीं है, चीन, अमेरिका और यूरोपीय संघ के देश भी यह जानना चाहेंगे कि नयी एनडीए सरकार विशिष्ट परेशानियों के खिलाफ कैसे काम करती है।




कांग्रेस ने रियासी की घटना की निंदा की है। लेकिन सवाल यह भी पूछे जा रहे हैं कि क्या जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को खत्म करने वाले अनुच्छेद 370 को खत्म करना वाकई कारगर रहा? मोदी की कार्यशैली से परिचित अधिकांश पर्यवेक्षकों का मानना है कि भारत सरकार अपना समय और स्थान चुनकर प्रभावी ढंग से जवाब देगी।

रियासी हमले में पाकिस्तान (या आईएसआई) की संलिप्तता स्थापित की जानी है। लेकिन खालिस्तानी भारत विरोधी आंदोलन को इसके समर्थन से इनकार नहीं किया जा सकता। तो, अमृतपाल सिंह के साथ क्या किया जाना चाहिए? कनाडा या यू.के. में सिख अलगाववादियों की भारत विरोधी गतिविधियों में वृद्धि -भारतीय मिशनों, सांस्कृतिक केंद्रों और मंदिरों को निशाना बनाना- एक क्षेत्रीय राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा है जिसे बहुत पहले तैयार किया गया था।

पर्यवेक्षकों का कहना है कि इमरान खान शासन के दौरान कुछ साल पहले पाकिस्तान द्वारा अंतरराष्ट्रीय सिख तीर्थयात्रियों की आवाजाही और उनके लिए पवित्र करतारपुर साहिब स्थल पर जाने की सुविधा के लिए उदारीकरण किया गया था, जो खालिस्तान आंदोलन में एक महत्वपूर्ण मोड़ था। कोलकाता के कुछ विश्लेषकों ने भविष्यवाणी की थी कि भारत सरकार को खालिस्तानी भारत विरोधी कूटनीतिक हमले के फिर से शुरू होने के लिए खुद को तैयार करना चाहिए। यह स्थान भारत की सीमा के बहुत करीब है, इसलिए भारत के लिए यह सुविधाजनक स्थिति नहीं है।

सिखों के लिए नियमों में ढील दिए जाने से खालिस्तानी समर्थक तत्वों सहित भारतीय सिखों की संख्या में वृद्धि हुई है। केनेडा और अन्य जगहों पर भारत सरकार/भारतीय राजनयिकों के सामने आने वाली चुनौतियों ने पहले व्यक्त की गयी आशंकाओं की पुष्टि की है। वास्तव में ब्रिटेन, केनेडा या अमेरिकी राजनयिकों के एक वर्ग में खालिस्तानियों के लिए पश्चिमी देशों का समर्थन भारत के लिए एक रहस्योद्घाटन, एक दर्दनाक सीखने के अनुभव से कम नहीं है।दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत के लिए अपने सभी दिखावटी समर्थन के बावजूद, पश्चिम ने भारतीय राजनीतिक संस्थानों, इसकी गुटनिरपेक्ष विदेश नीति, इसके आम चुनावों, इसके मानव संसाधन रिकॉर्ड और अल्पसंख्यकों को संभालने के बारे में अपना अविश्वास व्यक्त करना कभी बंद नहीं किया है। इस पृष्ठभूमि को देखते हुए, अधिकांश पश्चिमी देशों द्वारा किसानों के आंदोलन के लिए समर्थन व्यक्त करना कोई आश्चर्य की बात नहीं थी।2024 के लोकसभा चुनावों के नतीजों और भाजपा की ताकत में उल्लेखनीय गिरावट को लेकर पश्चिमी मीडिया के बड़े हिस्से के बीच आम तौर पर संतुष्ट स्वर में कोई गलती नहीं हो सकती है। स्पष्ट रूप से, भारत एशिया में एक क्षेत्रीय रूप से महत्वपूर्ण खिलाड़ी बन सकता है, लेकिन यह भारतीय नेताओं या उनके राजनीतिक दलों के लिए उन्नत पश्चिम के मुकाबले अहंकारी' होने के लिए ठीक नहीं होगा!

एनडीए को इस मामले में सावधानी से कदम उठाना चाहिए। वर्तमान स्थिति में, शत्रुतापूर्ण चीन और अविश्वासी पश्चिमी देशों के समूह का सामना करते हुए, उसे अपने घर को व्यवस्थित करना होगा। इसके लिए काम तय है। खालिस्तानियों द्वारा पेश की गयी चुनौती से सावधानीपूर्वक निपटना होगा।इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि अमृतपाल सिंह ने अपने कांग्रेस प्रतिद्वंद्वी पर लगभग 2,00,000 वोटों के अंतर से जीत हासिल की है, जो पंजाब में सबसे अधिक है। इसके अलावा, सिंह संसदीय चुनाव जीतने वाले एकमात्र अलगाववादी नहीं हैं। इंजीनियर राशिद, एक अन्य अलगाववादी, ने निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ा और जीता। अमृतपाल सिंह और इंजीनियर राशिद में जो बात समान है, वह यह है कि दोनों का भारत के संविधान में कोई विश्वास नहीं है।

## कला एवं संस्कृति को लोगों तक पहुंचाने को लेकर आईजीएनसीए, संसद टीवी के बीच हुआ समझौता

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** भारतीय कला एवं संस्कृति को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए यहां स्थित इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आईजीएनसीए) और संसद टीवी के बीच एक महत्त्वपूर्ण समझौता हुआ। आईजीएनसीए की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, समझौते के तहत, आईजीएनसीए द्वारा निर्मित कार्यक्रम संसद टीवी पर प्रसारित किए जाएंगे और अब संसद टीवी, आईजीएनसीए के कल्चरल आर्काइव के कंटेंट का भी इस्तेमाल कर सकेगा। इस समझौता पत्र पर आईजीएनसीए की ओर से सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी और संसद टीवी की ओर से मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रजत पुन्हानी ने हस्ताक्षर किए।

## 'इंप्रेशन' प्रदर्शनी में झलकेगा रेलवे कलाकारों का हुनर

**नई दिल्ली।** रेलवे अधिकारियों की ओर से पांच दिवसीय जल रंग, ऐक्रेलिक कलर और तेल के मिश्रण से तैयार 'इंप्रेशन' प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि इस प्रदर्शनी का उद्घाटन दिल्ली में इंडिया हैबिटेट सेंटर की अध्यक्ष राजदूत भास्वती मुखर्जी करेंगी और रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जया वर्मा सिन्हा मुख्य अतिथि होंगी।

## दिल्ली जल बोर्ड में 73,000 करोड़ के घाटे पर भाजपा ने सरकार से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कई इलाकों में व्याप्त जल संकट के बीच प्रदेश भाजपा ने आरोप लगाया कि जो दिल्ली जल बोर्ड कभी 600 करोड़ का मुनाफा देता था, वो आज 73,000 करोड़ के घाटे में कैसे चला गया। इसका जवाब दिल्ली सरकार को देना होगा। दिल्ली में जल वितरण का नेटवर्क बुरी तरह प्रभावित हो चुका है। इन्फ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन वाटर स्टोरेज सिस्टम सब चरमरा रहा है, खस्ताहाल है, जो लगभग 52 प्रतिशत पानी को बर्बाद कर रहा है। पाइपों की मरम्मत करानी चाहिए लेकिन इस सरकार ने मुफ्त में पानी देने का वादा कर जनता के साथ जो छल किया वो पीड़ादायक है। यहां संवाददाता सम्मेलन में भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि दिल्ली में जल संकट नहीं है। असल में दिल्ली में एक ओर जल वितरण के लिए समर एक्शन प्लान का अभाव है और दूसरी ओर सरकार वॉटर लीकेज से होने वाली बर्बादी को रोकने में असमर्थ रही है। बांसुरी स्वराज ने कहा की भाजपा लगातार कहती रही है कि दिल्ली को सभी स्रोतों से एग्रीमेंट के अनुसार पूरा पानी मिल रहा है। यदि किसी भी कारण से सरकार को दिल्ली के लिए अतिरिक्त पानी चाहिए तो उसे या आपसी बातचीत से पड़ोसी राज्यों से लेना होगा या फिर यमुना नदी बोर्ड से मांगना होगा।

## आतिशी ने पानी की बर्बादी रोकने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश



**नई दिल्ली।** दिल्ली की जलमंत्री आतिशी ने जल बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर भर में पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए और यदि कहीं भी मुख्य पाइपलाइन में कोई रिसाव मिलती है तो उसे तुरंत दूर किया जाए।सुश्री आतिशी ने राजस्व विभाग और जलबोर्ड के उच्चाधिकारियों के साथ सोनिया विहार वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से दक्षिणी दिल्ली तक पानी पहुँचाने वाले मुख्य पाइपलाइन नेटवर्क का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर भर में पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए और यदि कहीं भी मुख्य पाइपलाइन में कोई लीकेज मिलती है तो उसे तुरंत दूर किया जाए।

## नीट परीक्षा में हुआ भ्रष्टाचार : खडगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि मेडिकल प्रवेश के लिए हुई नीट परीक्षा का मामला सिर्फ ग्रेस मार्क्स का नहीं बल्कि इसमें पेपर लीक और जबरदस्त भ्रष्टाचार हुआ है। खड़गे ने कहा ÷नीट परीक्षा में केवल ग्रेस मार्क्स की समस्या नहीं थी। धांधली हुई है, पेपर लीक हुए हैं, भ्रष्टाचार हुआ है। मेडिकल प्रवेश के लिए हुई नीट परीक्षा में बैठे 24 लाख छात्र-छात्राओं का भविष्य मोदी सरकार के कारनामों से दांव पर लग गया है।उन्होंने कहा परीक्षा केंद्र और कोचिंग सेंटर का एक गठजोड़ बन चुका है जिसमें 'पैसे दो-पेपर लो' का खेल खेला जा रहा है। मोदी सरकार राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा-एनटीए के कंधों पर अपनी कारगुज़ारियों का दारोमदार रखकर अपनी जवाबदेही से पीछा नहीं छुड़ा सकती। खड़गे ने कहा पूरे नीट घोटाले में कांग्रेस पार्टी सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एक निष्पक्ष जांच की मांग करती है। जांच के बाद दोषियों को कड़ी से कड़ी सज़ा दी जाए और लाखों छात्र-छात्राओं को मुआवज़ा देकर उनका साल बर्बाद होने से बचाया जाए। पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने पेपर लीक और धांधली से करोड़ों युवाओं का भविष्य बर्बाद किया है।

# भाईचारे के साथ मनाएं बकरीद का त्यौहार- अशोक





**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा अशोक कुमार वर्मा थाना कोखराज अंतर्गत आगामी त्यौहार गंगा दशहरा व ईद-उल-जुहा (बकरीद) को सौहार्दपूर्ण सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु सम्भ्रान्त व्यक्तियों व धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की मीटिंग कर आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की गयी।

वहीं दूसरी तरफ एसडीएम चायल व क्षेत्राधिकारी चायल द्वारा थाना संदीपन घाट अंतर्गत आगामी त्यौहार गंगा दशहरा व ईद-उल-जुहा (बकरीद) को सौहार्दपूर्ण सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु सम्भ्रान्त व्यक्तियों व धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की मीटिंग किया।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कोखराज इंद्रदेव, थानाध्यक्ष संदीपन घाट भुवनेश चौबे समेत कई पुलिसकर्मी मौजूद रहें।

## डोभाल राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, मिश्रा प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव बने रहेंगे



**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के सेवानिवृत अधिकारी श्री अजीत डोभाल को लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय सलाहकार नियुक्त किया गया है और डॉ पी. के. मिश्रा को दोबारा प्रधानमंत्री का प्रधान सचिव बनाया गया है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति मामलों की समिति ने इन दोनों अधिकारियों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी। समिति ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत अधिकारियों श्री अमित खरे और श्री तरूण कपूर को भी प्रधानमंत्री कार्यालय में प्रधानमंत्री का सलाहकार नियुक्त किया गया है।

केन्द्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने आज बताया कि श्री डोभाल और डॉ. मिश्रा की नियुक्ति 10 जून से प्रभावी होगी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल या अगले आदेश जो भी पहले हो तब तक रहेगी। दोनों अधिकारियों को केबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया है। दोनों अधिकारियों की नियुक्ति की सेवा शर्तों के बारे में अलग से अधिसूचना जारी की जायेगी। श्री खरे और श्री कपूर की नियुक्ति दो वर्ष के लिए होगी और उन्हें केन्द्र सरकार के सचिव के समकक्ष रखा गया है।

# सवैश्विक दक्षिण के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे : मोदी

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-7 आउटरीच शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इटली रवाना होने से पहले कहा कि उन्हें इस सम्मेलन में उन मुद्दों पर चर्चा करने का अवसर मिलेगा जो वैश्विक दक्षिण के लिए महत्वपूर्ण हैं।

श्री मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल की पहली विदेश यात्रा पर रवाना होने से पहले अपने वक्तव्य में यह बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के निमंत्रण पर, मैं 14 जून 2024 को जी-7 आउटरीच शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इटली के अपुलिया क्षेत्र की यात्रा कर रहा हूं। मुझे खुशी है कि लगातार तीसरे कार्यकाल में मेरी पहली यात्रा जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए इटली की है।

उन्होंने कहा, मैं 2021 में जी20 शिखर सम्मेलन के लिए

> **पिछले साल प्रधानमंत्री मेलोनी की भारत की दो यात्राएं हमारे द्विपक्षीय एजेंडे में गति और गहराई लाने में सहायक सिद्ध हुई हैं।**

अपनी इटली यात्रा को गर्मजोशी से याद करता हूं। पिछले साल प्रधानमंत्री मेलोनी की भारत की दो यात्राएं हमारे द्विपक्षीय एजेंडे में गति और गहराई लाने में सहायक सिद्ध हुई हैं। हम भारत-इटली रणनीतिक साझीदारी को मजबूत करने और भारत-प्रशांत और भूमध्यसागरीय क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

श्री मोदी ने कहा, आउटरीच सत्र में चर्चा के दौरान कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्य सागर पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यह भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन और आगामी जी7 शिखर सम्मेलन के परिणामों के बीच अधिक तालमेल लाने और उन मुद्दों पर विचार-विमर्श करने का अवसर होगा जो वैश्विक दक्षिण के लिए महत्वपूर्ण हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले अन्य नेताओं से मिलने के लिए भी उत्सुक हैं।

## उप्र में आउटसोर्सिंग से पुलिस निरीक्षक भर्ती सम्बंधी खबरों पर जवाब दे भाजपा: प्रियंका

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने दावा किया है कि उत्तर प्रदेश सरकार की आउटसोर्सिंग से पुलिस उपनिरीक्षक पदों पर भर्ती की योजना है और इस खबर से लाखों युवाओं में आक्रोश है, इसलिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार को इस बारे में स्पष्टीकरण देना चाहिए। श्रीमती वाड्रा ने यहां जारी बयान में कहा, उत्तर प्रदेश पुलिस में उप निरीक्षक के स्तर पर आउटसोर्सिंग के जरिये भर्तियों पर विचार किया जा रहा है। इस संबंध में जिलों के अधिकारियों को पत्र भेजा गया था, जो कि सोशल मीडिया पर वायरल है। भाजपा सरकार ने अग्निपथ योजना लाकर हमारी सेना और युवाओं का भविष्य दोनों कमजोर किया। अब यूपी पुलिस में यही खेल करने का प्रयास



चल रहा है। भाजपा की सरकारें देश की हर एक संस्था को बेहतर बनाने की जगह उन्हें कमजोर करने का काम कर रही हैं। उन्होंने कहा, प्रदेश पुलिस की तरफ से जो सफाई पेश की गई है वह समझ से परे है। एक के बाद एक पेपर लीक, अग्निवीर, लाखों खाली पद और अब पुलिस भर्ती में आउटसोर्सिंग की खबरों से प्रदेश के करोड़ों युवा आक्रोशित हैं। भाजपा को सामने आकर इस बारे में स्पष्ट जवाब देना चाहिए।

# चार वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया








**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर सराय अकिल पुलिस वारंटी की तलाश में चार वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

सराय अकिल पुलिस उ0नि0 दिनेश कुमार शर्मा मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त रामचन्द्र पुत्र मथुरा प्रसाद नि0 किशुनपुर अम्बारी, मूरत पुत्र सदल पासी नि0 पहलू का पुरवा मजरा मुस्तफाबाद थाना सराय अकिल ,पप्पू पुत्र श्याम नारायण नि0 चित्ता हर्रायपुर, सचिन केशरवानी पुत्र प्रेम चन्द्र केशरवानी नि0 भगौतीगंज कस्बा, व थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## भाजपा ने हिमाचल, उत्तराखंड, मप्र में विस उपचुनावों के लिए की उम्मीदवारों की घोषणा

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड में होने वाले विधानसभा उपचुनावों के लिए अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण कुमार की ओर से जारी विज्ञप्ति में हिमाचल प्रदेश की तीन देहरा, हमीरपुर और नालागढ़, मध्य प्रदेश की अमरवाड़ा (अजजा) और उत्तराखंड की बद्रीनाथ और मंगलौर विस क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवारों के नामों के बारे में जानकारी दी गयी।

पार्टी ने हिमाचल की देहरा विस पर श्री होशियार सिंह चम्बयाल को उम्मीदवार बनाया है, जबकि हमीरपुर में श्री आशीष शर्मा और नालागाढ़ में श्री कृष्ण लाल ठाकुर को चुनावी समर में उतारा है। भाजपा ने मध्य प्रदेश की अमरवाड़ा विस सीट पर श्री कमलेश शाह को उम्मीवार बनाया है। वहीं उत्तराखंड की बद्रीनाथ विस सीट पर श्री राजेंद्र सिंह भंडारी को चुनावी समर में उतारा है, जबकि मंगलौर विस सीट पर श्री करतार सिंह भडाना को उम्मीदवार बनाया है।

# रात में भी अपराधियों पर लगाए अंकुश- अभिनव त्यागी - एएसपी ने देर रात दो थानों का किया निरीक्षण





**सबसे तेज प्रयागराज**
**कुशीनगर।** अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर अभिनव त्यागी द्वारा पुलिस चौकी बहादुरपुर थाना तरयासुजान व पुलिस चौकी फाजिलनगर थाना पटहेरवा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। एएसपी द्वारा जनसुनवाई रजिस्टर का अवलोकन करते हुए शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया एवं रात्रि गश्त के दौरान अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने/शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु भ्रमणशील रहकर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया ।

## शिक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपने के लिये प्रधानमंत्री का आभार: प्रधान

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** श्री धर्मेंद्र प्रधान ने उन्हें शिक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है और कहा है कि वह और उनकी टीम एनईपी 2020 के कार्यान्वयन में नयी जमीन तोड़ने, देश के शिक्षण परिदृश्य को भविष्य के लिए तैयार करने, लोगों को सशक्त बनाने और भारत को 21वीं सदी की ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने में प्रधानमंत्री के नेतृत्व और मार्गदर्शन की प्रतीक्षा करेंगे।



श्री प्रधान ने यहां स्थित शास्त्री भवन में केंद्रीय शिक्षा मंत्री का कार्यभार संभाल लिया। शिक्षा मंत्रालय पहुंचने पर श्री प्रधान का स्वागत उच्च शिक्षा विभाग के सचिव के. संजय मूर्ति, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। कार्यभार संभालने के बाद श्री प्रधान ने श्री मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि इसके लिये मैं आभारी हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा और विश्वास बनाये रखा। उन्होंने कहा कि वह और उनकी टीम राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के कार्यान्वयन में नयी जमीन तोड़ने, देश के शिक्षण परिदृश्य को भविष्य के लिये तैयार करने, लोगों को सशक्त बनाने और भारत को 21वीं सदी की ज्ञान अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने में प्रधानमंत्री के नेतृत्व और मार्गदर्शन की प्रतीक्षा करेंगे।

## पीओके में चीनी परियोजनाओं का दृढ़ता से विरोध करेगा भारत

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** भारत ने चीन-पाकिस्तान संयुक्त वक्तव्य में पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में अनुचित रूप से परियोजनाओं की घोषणा किए जाने पर आज गहरी आपत्ति व्यक्त की और चेतावनी दी कि भारत के अविभाज्य हिस्से में किसी भी अनुचित गतिविधि का दृढ़ता से विरोध किया जाएगा।

चीन-पाकिस्तान संयुक्त वक्तव्य में पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर को लेकर अनुचित संदर्भ पर मीडिया के सवालों के जवाब में, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने चीन और पाकिस्तान के बीच 07 जून के संयुक्त बयान में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के अनुचित संदर्भों को नोट किया है। हम ऐसे संदर्भों को स्पष्ट रूप से अस्वीकार करते हैं।

इस मुद्दे पर हमारी स्थिति सुसंगत है और संबंधित पक्षों को अच्छी तरह से पता है। संघ जम्मू-कश्मीर क्षेत्र और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख भारत के अभिन्न और अविभाज्य हिस्से रहे हैं, अब भी हैं और रहेंगे। किसी अन्य देश को इस पर टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है। प्रवक्ता ने कहा, 'उसी संयुक्त



बयान में तथाकथित चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के तहत गतिविधियों और परियोजनाओं का भी उल्लेख किया गया है, जिनमें से कुछ पाकिस्तान के जबरन और अवैध कब्जे के तहत भारत के संप्रभु क्षेत्र में हैं। हम भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को प्रभावित करने वाले इन क्षेत्रों पर पाकिस्तान के अवैध कब्जे को मजबूत करने या वैध बनाने के लिए अन्य देशों के किसी भी कदम का दृढ़ता से विरोध करते हैं और उसे अस्वीकार करते हैं।'

## भारत में बढ़ती छात्र वीजा मांग को पूरा किया अमेरिकी मिशन ने

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** अमेरिकी दूतावास में कॉन्सुलर टीम इंडिया ने अपने 8वें वार्षिक छात्र वीज़ा दिवस के दौरान 3900 छात्र वीज़ा आवेदकों का साक्षात्कार लिया। दूतावास ने कहा



कि मिशन इंडिया छात्र वीज़ा दिवस पर एक शानदार कार्यक्रम आयोजित करके अमेरिका में उच्च शिक्षा के प्रति हमारी मजबूत प्रतिबद्धता और अमेरिका और भारत के बीच बढ़ते शैक्षिक संबंधों को रेखांकित हुई है, जहां मिशन के सदस्य और एजुकेशन यूएसए के साथी आवेदकों के साथ अमेरिका में अध्ययन के बारे में जानकारी साझा करने के लिए संवाद किया गया।

# दिल्ली में झुलसने वाली गर्मी, लू के थपेड़ों से लोग बेहाल, ऑरेंज अलर्ट जारी

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और इसके आसपास के इलाकों में भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों से राजधानीवासी बेहाल हैं। मौसम विभाग ने राजधानी में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली के अलावा उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और पंजाब में भी गर्मी से लोगों का बुरा हाल है। मौसम विभाग के मुताबिक 13 से 19 जून तक दिल्लीवासियों को झुलसाने वाली गर्मी और लू का सामना करना पड़ेगा। अभी बारिश के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। हालांकि आज आंशिक रूप से दिल्ली में बादल छाए रहे, लू का प्रकोप बदस्तूर जारी रहा तथा 25 से 35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गर्म हवा चलेगी।

मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में राजधानी के अनेक हिस्सों में लू के साथ-साथ पूर्वी उत्तर प्रदेश के दक्षिणी भाग में कहीं-कहीं प्रचंड लू की स्थिति बन सकती है। विभाग ने बताया कि दक्षिणी बिहार, पंजाब, हरियाणा, झारखंड, छत्तीसगढ़ और पूर्वोत्तर मध्य प्रदेश में भी लू की स्थिति बनी रहेगी। राजधानी में अधिकतम तापमान 45 और न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली के सफदरजंग इलाके में अधिकतम तापमान 44.7 और न्यूनतम तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिल्ली में सबसे अधिक तापमान नजफगढ़ में दर्ज किया गया, जहां अधिकतम तापमान 47.7 और न्यूनतम तापमान 33.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसके अलावा जफरपुर में अधिकतम तापमान 46.3, आयानागर में 45.9, लोधी रोड में 46.1, नरेला में 47.5, पालम में 45.5 और राजघाट में 44.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड सीपीसीबी के अनुसार राजधानी दिल्ली में आज सुबह सात बजे तक दिल्ली का औसतन वायु गुणवत्ता सूचकांक 195 अंक बना हुआ है।

# सनी लियोनी

## को केरल की एक यूनिवर्सिटी में परफॉर्म करने की नहीं मिली इजाजत, ये है वजह



सनी लियोनी सुर्खियों में आ गई हैं. इसकी वजह उनका डांस शो कैंसिल होना है. सनी 5 जुलाई को केरल की एक यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग कैंपस में डांस शो करने वाली थीं. इसकी जानकारी कॉलेज के रजिस्ट्रार को दी गई थी. लेकिन सनी को डांस शो की परमिशन नहीं मिली. यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. मोहनन कुन्नुमल ने रजिस्ट्रार को ये निर्देश दिए कि कैंपस में सनी का शो आयोजित नहीं किया जाएगा.दरअसल पिछले साल नवबंर में केरल के एर्नाकुलम जिले में कोचीन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में एक कॉन्सर्ट का आयोजन हुआ था. रिपोर्ट्स के मुताबिक इस कॉन्सर्ट में भगदड़ मच गई थी. उस भगदड़ में यूनिवर्सिटी के चार स्टूडेंट की मौत हो गई थी. इसके साथ ही 60 से ज्यादा स्टूडेंट घायल भी हो गए थे. इसी को ध्यान में रखते हुए ये फैसला किया गया है कि सनी के डांस शो को मनोरमा एंड मातृभूमि प्रोगाम की लिस्ट में शामिल नहीं किया गया है.



**मलयालम फिल्म में नजर आएंगी**

सनी लियोनी जल्द ही एक मलयालम फिल्म में नजर आने वाली हैं. इसे फिल्ममेकर पमपल्ली बना रहे हैं. हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर फिल्म के सेट से कुछ तस्वीरें शेयर कर जानकारी दी थी कि उन्होंने फिल्म की शूटिंग कर ली है. उन्होंने मुहूर्त सेरेमनी की झलक पेश की थी. इसके साथ उन्होंने लिखा था, मैं इस जबरदस्त मलयालम फिल्म का हिस्सा बनकर इतनी एक्साइटेज हूं कि मैंने अपने हाथ जला लिए.

**सनी लियोनी की फिल्में**

सनी लियोनी ने 'जिस्म 2', 'रागिनी एमएमएस 2', 'एक पहेली लीला', 'कुछ कुछ लोचा है', 'मस्तीजादे' जैसी कई बॉलीवुड फिल्मों में काम किया है. उन्हें पिछली बार राहुल भट्ट के साथ फिल्म 'कैनेडी' में देखा गया था. अभी ये भारत में रिलीज नहीं हुई है. इसके साथ ही उन्होंने कई साउथ फिल्मों में भी काम किया है. इसके अलावा वो जल्द ही एक बड़ी बॉलीवुड फिल्म का अनाउंसमेंट भी कर सकती हैं.

# कार्तिक आर्यन

## के फैंस के लिए खुशखबरी ! मात्र 150 रुपये में मिल रही Chandu Champion की टिकट, लेकिन ऑफर सीमित



कार्तिक आर्यन की फिल्म चंदू चैंपियन 14 जून को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन ने पैरालिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट मुरलीकांत पेटकर का किरदार निभाया है। ये एक बायोपिक फिल्म है। पिछले काफी समय से ये फिल्म और कार्तिक आर्यन काफी चर्चा में हैं। अब चूंकि फिल्म की रिलीज डेट इतनी नजदीक आ गई है तो मेकर्स ने दर्शकों को भी खुश करने का जिम्मा उठा लिया है।

**बेहद सस्ती हुई टिकट**

वैसे आम मौकों पर जो टिकट 200 से 400 रुपये की मिलती है,मेकर्स ने उसके दाम गिरा दिए हैं। चंदू चैंपियन की टिकट बेहद सस्ती हो गई है। इससे छोटे शहर के लोगों को खासतौर पर खुशी होगी और फिल्म एक बड़ी ऑडियंस तक पहुंचेगी। दरअसल फैंस ने 14 जून के लिए चंदू चैंपियन का टिकट प्राइस 150 रुपये कर दिया है। अगर आप अभी बुक माय शो पर फिल्म का टिकट बुक करते हैं तो ये आपको सिर्फ 150 रुपये में मिल जाएगा।



इस डील से मेकर्स ज्यादा से ज्याद दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचना चाहते हैं। कम टिकट प्राइस होने की वजह से कई लोग इसकी तरफ आकर्षित होंगे और अपना कीमती समय निकालकर फिल्म देखने पहुंचेंगे। आपको बता दें कि ये ऑफर सिर्फ ओपनिंग डे के लिए है। बाकि दिनों में फिल्म का टिकट प्राइस अपनी नॉर्मल कीमत पर ही होगा।

**कार्तिक ने शेयर की न्यूज**

कार्तिक आर्यन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ये गुडन्यूज अपने फैंस के साथ शेयर की। इस पोस्ट को शेयर करते हुए कार्तिक ने लिखा, तने साल की हमारी मेहनत का फल आपके सामने है। देखिए भारत के चैंपियन की कहानी, इस शुक्रवार सिर्फ 150 रुपये में। यह ऑफर सिर्फ इस शुक्रवार के लिए है।स फिल्म को कबीर खान ने डायरेक्ट किया है। इस फिल्म के लिए मुरली पेटकर को साल 2018 में भारत सरकार ने पद्म श्री से सम्मानित किया था।

## नहीं काम आया 6 महीने के लिए रोटी-चावल छोड़ना, शिल्पा शिंदे के बाद 'खतरों के खिलाड़ी 14' से बाहर हुईं ये टीवी एक्ट्रेस



कलर्स टीवी के एडवेंचर रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' सीजन 14 में अब तक दो एविक्शन हो चुके हैं. मीडिया रिपोर्ट की मानें तो 'बिग बॉस सीजन 11' की विनर शिल्पा शिंदे सबसे पहले रोहित शेट्टी के शो से बाहर हो गई थीं. हालांकि इस बारे में न तो शिल्पा की तरफ से कोई कन्फर्मेशन दिया गया है, न ही कलर्स टीवी की तरफ से. अब सुनने में आया है कि रोहित शेट्टी के शो में एक और एविक्शन हो चुका है. और इस एविक्शन में भी एक सेलिब्रिटी महिला कंटेस्टेंट शो से बाहर हो गई हैं.एक यूट्यूब चैनल के किए हुए दावे के मुताबिक शिल्पा शिंदे के बाद टीवी एक्ट्रेस अदिति शर्मा 'खतरों के खिलाड़ी' से बाहर हो गई हैं. गश्मीर महाजनी, अभिषेक कुमार, करणवीर मेहरा और अदिति शर्मा के बीच हुए इस मुकाबले में अदिति सबसे पीछे रह गईं. और इस वजह से शो के होस्ट रोहित शेट्टी ने उन्हें इस रियलिटी शो से बाहर कर दिया. दरअसल 6 महीने से अदिति 'खतरों के खिलाड़ी' के लिए तैयारी कर रही थीं. उनके माता-पिता चाहते थे कि वो इस सीजन की विनर बनें. उन्होंने शो में फिट दिखने के लिए चावल और रोटी खाना भी बंद कर दिया था. लेकिन अदिति की ये स्ट्रिक्ट डाइट उनके कुछ खास काम नहीं आई.

**जानें कौन-से स्टंट में बाहर हुईं अदिति शर्मा**

गश्मीर महाजनी, अभिषेक कुमार, करणवीर मेहरा और अदिति शर्मा को रोहित शेट्टी ने अंडरवॉटर स्टंट परफॉर्म करने का टास्क दिया था. सूत्रों की मानें तो ये टास्क अब तक इस सीजन में दिए टास्क के मुकाबले काफी मुश्किल था. लेकिन इन चारों सेलिब्रिटी कंटेस्टेंट ने बिना अबोर्ट किए इस टास्क को शिद्दत से पूरा किया. हालांकि टाइम से जुड़े इस टास्क में सबसे ज्यादा समय लेने की वजह से अदिति को बाहर कर दिया गया. रोहित शेट्टी का 'खतरों के खिलाड़ी' अंकिता लोखंडे और विक्की जैन के 'लाफ्टर शेफ' को रिप्लेस करने वाला है.

## आराधना की शूटिंग के दौरान तवज्जो ना मिलने पर फरीदा जलाल से चिढ़ गए थे राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर ने लिया था पक्ष



राजेश खन्ना आज भी अपने स्टारडम के लिए जाने जाते हैं। उनकी फिल्मों से ज्यादा उनके फैंस के किस्से हैरान करते हैं। हालांकि, राजेश खन्ना के कई को-स्टार्स उन्हें घमंडी भी बता चुके हैं। वहीं, अब फरीदा जलाल ने भी राजेश खन्ना को लेकर कुछ ऐसा ही कहा है। अभिनेत्री ने ये भी बताया कि उनसे तवज्जो न मिलने पर राजेश खन्ना नाराज भी हो गए थे।हालांकि, अभिनेत्री ने ये भी कबूल किया कि उन्होंने कभी भी उनके जैसा स्टारडम नहीं देखा है! फरीदा जलाल ने फिल्म आराधना में राजेश खन्ना के साथ काम किया था। फिल्म में वो उनकी हीरोइन थीं। आराधना में शर्मिला टैगोर ने भी लीड रोल निभाया था।

**फरीदा से चिढ़ गए थे राजेश खन्ना**

फरीदा जलाल ने आराधना की शूटिंग दे दिनों को लेकर अपने हालिया इंटरव्यू में बात की। अभिनेत्री ने कहा कि आराधना की रिलीज के बाद ही वे द राजेश खन्ना बने थे, लेकिन फिल्म पर काम करने के दौरान वो सेट पर भी काफी घमंडी थे। बॉलीवुड बबल के साथ बातचीत में फरीदा जलाल ने कहा, मैंने उन्हें ज्यादा तवज्जो नहीं दिया, इसलिए वे मुझसे नाराज हो गए थे। मैं अपनी ही दुनिया में रहती थी। वे इससे थोड़े उखड़ गए थे।

**सेट पर हो गया था झगड़ा**

फरीदा जलाल ने ये भी बताया कि राजेश खन्ना उनसे काफी रुखा बर्ताव करते थे। उन्होंने कहा, मुझे लगता था कि ये आदमी बहुत घमंडी है, बहुत अहंकारी है। जब मैं रिहर्सल के लिए कहती, तो वो कहते कितनी रिहर्सल करोगी? मैं एक नई-नई थी। मुझे बहुत बुरा लगता था। मैंने यहां तक कहा आप मुझसे इस तरह कैसे बात कर सकते हैं? मैं चाहूं तो 10 रिहर्सल की डिमांड कर सकती हूं। हमारी वहां लड़ाई हो गई थी, शर्मिला जी ने हस्तक्षेप किया। उन्होंने मुझे बचाया, वो मेरे बचाव में बोलती थीं।

**राजेश खन्ना के पैरों में गिर जाती थीं लड़कियां**

फरीदा जलाल ने राजेश खन्ना के स्टारडम के बारे में भी बात की। अभिनेत्री ने कहा कि उन्होंने इस तरह का स्टारडम कभी नहीं देखा था और ये थोड़ा अजीब भी था। फरीदा जलाल ने कहा, मैं देखती थी कि कैसे लोग उसके लिए पागल हो जाते थे। लड़कियां उनके पैरों में गिर जाती थीं।

वे उनसे अपने हाथ, चेहरे पर साइन करने के लिए कहती थीं। मुझे ये देखकर घिन आती थी। वो (राजेश खन्ना) गर्व से मेरी तरफ देखते और कहते देखा? मैंने उनके साथ काम किया था, लेकिन मुझे कभी भी उन लड़कियों जैसा नहीं लगा। पता नहीं उनके फैंस के साथ क्या दिक्कत थी ? मैंने इस तरह का स्टारडम कभी नहीं देखा।

## टी20 विश्व कप 2024 : अपने आखिरी ग्रुप-स्टेज मैच के लिए फ्लोरिडा पहुंची भारतीय टीम



**एजेंसी**
**फ्लोरिडा।** न्यूयॉर्क में चल रहे टी20 विश्व कप 2024 के तीन मैच जीतने के बाद, टीम इंडिया कनाडा के खिलाफ अपने आखिरी ग्रुप-स्टेज मैच के लिए फ्लोरिडा पहुंच गई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के आधिकारिक मीडिया हैंडल पर शुक्रवार को साझा किए गए एक वीडियो में, मोहम्मद सिराज और युजवेंद्र चहल को फ्लाइट में यात्रा करते समय बातचीत करते देखा जा सकता है। बीसीसीआई ने क्लिप शेयर करते हुए एक्स पर लिखा, टीम इंडिया टी20 विश्वकप के अपने आखिरी ग्रुप-स्टेज मैच के लिए फ्लोरिडा पहुंच गई है।फिलहाल, भारत टूर्नामेंट में अपने तीनों प्रतिद्वंद्वियों को हराकर ग्रुप ए की अंक तालिका में शीर्ष पर है। बुधवार को यूएसए को सात विकेट से हराने के बाद वे ग्रुप ए के अपने अंतिम मुकाबले में कनाडा से भिड़ेंगे। भारत ने अब तक तीन मैचों में तीन जीत के साथ टूर्नामेंट के सुपर आठ चरण में प्रवेश कर लिया है।

## अभिनव बिंद्रा ने रुद्राक्ष पाटिल को ओलंपिक टीम से बाहर करने के एनआरएआई के फैसले का किया समर्थन

**मुंबई।** अभिनव बिंद्रा ने पेरिस ओलंपिक के लिए भारत की शूटिंग टीम से 10 मीटर एयर राइफल शूटर रुद्राक्ष पाटिल को बाहर किये जाने के भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के फैसले का समर्थन किया है। पाटिल ने खेलों के लिए 10 मीटर एयर राइफल कोटा हासिल किया था, लेकिन एनआरएआई के चयन ट्रायल में संदीप सिंह और अर्जुन बाबूता से पीछे रहने के बाद उन्हें इस आयोजन के लिए 15 सदस्यीय भारतीय दल में जगह नहीं मिल सकी। ओलंपिक दिशा-निर्देशों का हवाला देते हुए, जिसके अनुसार कोई देश ट्रायल से खेलों में एक इवेंट में केवल शीर्ष दो निशानेबाजों को ही भेज सकता है, बिंद्रा ने कहा, देखिए, यह कोई निर्णय नहीं है। यह चयन का मामला है। इसके लिए एक उचित प्रक्रिया निर्धारित की गई है और उन्होंने उसी प्रक्रिया का पालन किया।आईआईएसएम दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शहर में आए बिंद्रा ने कहा, यदि प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया तो आप यही सवाल पूछेंगे। लेकिन सभी के लिए एक निष्पक्ष प्रक्रिया रखी गई थी और उसका पालन किया गया।

## 18 साल की दिव्या विश्व जूनियर चेस चैंपियन बनीं, पूरे टूर्नामेंट में अपराजेय रहीं

**गांधीनगर।** 18 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय मास्टर और महिला ग्रैंड मास्टर दिव्या देशमुख ने अंडर-20 विश्व जूनियर चैंपियन बनने का गौरव हासिल कर लिया है। नागपुर की दिव्या ने 11 दौर में 10 अंक हासिल किए। वह पूरे टूर्नामेंट में अपराजेय रहीं। उन्होंने 11 मैच में नौ जीत हासिल की और उनके दो मुकाबले ड्रॉ रहे। उन्होंने बृहस्पतिवार को 11वें दौर में बुल्गारिया की बेलोस्लावा क्रास्तेवा को सफेद मोहरों से खेलते हुए पराजित किया।



**एशियाई जूनियर चैंपियन भी हैं दिव्या**

2456 की ईएलओ रेटिंग रखने वाली दिव्या एशियाई जूनियर चैंपियन भी हैं और यह लगातार उनकी दूसरी खिताबी जीत है। इससे पहले उन्होंने बीते माह शारजाह चैलेंजर्स का खिताब जीता था। आर्मेनिया की मरियम मकर्चयन 9.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि अजरबैजान की अयान अल्लाहवारदिएवा 8.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। 10वें दौर में दिव्या ने अपनी ही साथी साची जैन को सिर्फ 26 चालों में हराकर अपने खिताब की उम्मीदों को मजबूत कर लिया था।

## घुड़सवार श्रुति वोरा ने दर्ज की ऐतिहासिक जीत

**नई दिल्ली।** भारत की अनुभवी घड़सवार श्रुति वोरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऐतिहासिक जीत दर्ज की। श्रुति थ्री स्टार ग्रां प्री प्रतियोगिता जीतने वाली पहली भारतीय राइडर (घुड़सवार) बन गई हैं। भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) ने यह जानकारी दी। कोलकाता की रहने वाली श्रुति ने ड्रेसेज विश्व चैंपियनशिप (2022) और एशियाई खेलों (2010, 2014) में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।श्रुति ने सात से नौ जून तक स्लोवेनिया के लिपिका में आयोजित सीडीआई-3 प्रतियोगिता में 67.761 अंक हासिल किए। भारतीय खिलाड़ी मोलदोवा की तातियाना एंटोनेंको (आचेन) से आगे रहीं जिन्होंने 66.522 अंक हासिल किए। ऑस्ट्रिया की जूलियन जेरिच (क्वार्टर गर्ल) ने 66.087 अंकों के साथ शीर्ष तीन में जगह बनाई। श्रुति ने ग्रां प्री स्पेशल में भी सराहनीय प्रदर्शन किया जो इसी स्थान पर एक साथ आयोजित की गई। वह 66.085 अंकों के साथ एंटोनेंको के बाद दूसरे स्थान पर रहीं। श्रुति ने कहा, मैं परिणाम से बेहद खुश हूं। मैंने कड़ी मेहनत की है और जीत वाकई संतोषजनक है। यह जीत ओलंपिक वर्ष में मिली है और यही इसे महत्वपूर्ण बनाता है।

# टी20 विश्व कप : इंग्लैंड ने ओमान को हराकर बेहतर किया नेट रन रेट



**एजेंसी**
**एंटीगुआ।** इंग्लैंड ने सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में ओमान पर 8 विकेट से जीत दर्ज करके टी20 विश्व कप में शानदार वापसी की। इंग्लैंड ने ओमान को 47 रन पर ढेर कर दिया और 3.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत से इंग्लैंड ने ग्रुप बी में अपना नेट रन रेट (एनआरआर) बेहतर कर लिया।

पहले गेंदबाजी करने का फैसला करने के बाद, इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी आक्रमण ने ओमान के बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस कर दिया, मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर ने तीन-तीन विकेट लिए, जबकि आदिल राशिद ने 4 विकेट लिया, जिससे ओमान की टीम 13.2 ओवर में केवल 47 रन पर सिमट गई।

ओमान की तरफ से शोएब खान ने सर्वाधिक 11 रन बनाए।

48 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लिश टीम ने केवल 3.1 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 50 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। फिल साल्ट ने पहली दो गेंदों पर छक्का जड़ा और तीसरी गेंद पर आउट हो गए। उन्होंने बिलाल खान ने बोल्ड किया। दूसरे ओवर में 20 के कुल स्कोर पर विल जैक्स के 5 रन बनाकर कलिमुल्लाह का शिकार बने। इसके बाद जोस बटलर (8 गेंदों पर नाबाद 24 रन) और जॉनी बेयरस्टो (2 गेंदों पर नाबाद 8 रन) ने 3.1 ओवर में टीम को 8 विकेट से जीत दिला दी।

इंग्लैंड का अब ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर मौजूद स्कॉटलैंड (2.164) से बेहतर नेट रन रेट (3.081) है, इसलिए अगर वे नामीबिया को हरा देते हैं और स्कॉटलैंड ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक भी अंक हासिल करने में विफल रहता है, तो वे सुपर 8 के लिए क्वालीफाई कर लेंगे।ओमान के लिए, ग्रुप में यह चौथी हार थी और इसके साथ ही विश्व कप में उनका अभियान भी समाप्त हो गया।

## बंगाल प्रो टी20 लीग : आकाशदीप बने सर्वश्रेष्ठ आलराउंड खिलाड़ी

**एजेंसी**
**कोलकाता।** खेले गए अपने दूसरे मैच में सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स को मुर्शिदाबाद किंग्स के हाथों सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा। पहले बल्लेबाजी करते हुए सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स 19.1 ओवर में 113 रन ही बना सकी, जिसके जवाब में मुर्शिदाबाद किंग्स ने इस लक्ष्य को 18वें ओवर में ही हासिल कर लिया।

मैच के लिए सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर का पुरस्कार जीतने वाले सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स के गेंदबाज आकाश दीप ने कहा कि, हमने 25 रन कम बनाए जो हार का कारण बना। एक समय सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स का स्कोर 55/8 हो गया था लेकिन आकाश दीप की 20 गेंदों में 30 रनों की खेली गई पारी की बदौलत टीम एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंच पाई। हार के बाद मैच के बारे में बोलते हुए आकाश दीप ने कहा, विकेट अच्छा था लेकिन शुरुआती झटकों से टीम बैकफुट पर आ गई। मुझे लगता है कि हम अगर कुछ साझेदारियां बना पाते तो टीम कुछ और रन बना सकती थी। 130 का टोटल इस विकेट पर काफी बेहतर होता। आकाश दीप ने इस मैच में 30 रन बनाने के साथ ही 3 विकेट भी चटकाए। आकाश दीप ने कहा, जब मैं बल्लेबाजी करने उतरा, तो मेरा लक्ष्य अंत तक खेलना था लेकिन आखिरी दो ओवरों में कुछ शॉट लगाने की कोशिश की और आउट हो गया।

अब सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स का सारा फोकस अपने अगले मैच पर है जो शनिवार को राची रार टाइगर्स के खिलाफ खेला जाएगा। आकाश दीप ने आगे कहा, हम एक समय में एक ही मैच के बारे सोच रहे हैं, अब हमारा ध्यान अपने अगले मैच पर है और निश्चित रूप से हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

# ओलंपिक में हिस्सा नहीं लेंगे मेसी, कहा-कोपा अमेरिका के बाद लगातार दूसरा टूर्नामेंट खेलना मुश्किल

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना के फीफा विश्व कप विजेता कप्तान और दिग्गज स्ट्राइकर लियोनेल मेसी ने पुष्टि की कि वह पेरिस 2024 ओलंपिक में भाग नहीं लेंगे। पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से शुरू होगा और 11 अगस्त तक चलेगा। प्रतियोगिता कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के समापन के बाद शुरू होगी, जो 20 जून से 14 जुलाई तक चलेगा। अर्जेंटीना के अंडर-23 कोच जेवियर माशेरानो ने दिग्गज फुटबॉलर को ओलंपिक में शामिल करने की उम्मीद जताई थी, लेकिन अब मेसी ने इससे इनकार कर दिया है ।ओलंपिक में भाग लेने का मतलब अपने क्लब इंटर मियामी से दूर रहना भी होगा और यह मेसी द्वारा लिए गए निर्णय के कारकों में से एक था।मेसी ने ईएसपीएन से बातचीत में कहा, मैंने मास्चेरानो से बात की और



सच्चाई यह है कि हम दोनों ही स्थिति को समझते हैं। मुझे सावधानी से चुनना होगा, और लगातार दो टूर्नामेंट खेलना बहुत ज़्यादा होगा। मैं ओलंपिक में खेलने और माशे के साथ मिलकर इसे जीतने के लिए बहुत भाग्यशाली रहा हूँ। यह फुटबॉल के स्तर पर एक शानदार अनुभव था।

यह जोड़ी अर्जेंटीना की उस टीम का हिस्सा थी जिसने 2008 में बीजिंग ओलंपिक में नाइजीरिया को फाइनल में 1-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता था। इस बात से निराश होने के बावजूद कि उन्हें ओलंपिक में खेलने और अपने पदकों में इज़ाफा करने का एक और मौका नहीं मिलेगा, मेसी को उम्मीद है कि अन्य खिलाड़ी पेरिस में अपने अनुभव का आनंद लेंगे।

उन्होंने कहा, इतनी किस्मत होना शानदार है कि मुझे यह सब करने का मौका मिला। मुझे उम्मीद है कि जो लोग वहाँ जाएँगे, वे भी उसी तरह इसका आनंद लेंगे जैसे मैंने लिया क्योंकि यह विशेष था। ओलंपिक किसी भी अन्य टूर्नामेंट की अपेक्षा विशेष होता है। पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) के अपने पूर्व साथी किलियन एमबाप्पे की इस राय पर कि यूरो जीतना फीफा विश्व कप से कहीं ज़्यादा मुश्किल है, मेस्सी ने कहा कि यूरो महत्वपूर्ण है, लेकिन इसमें अर्जेंटीना, ब्राजील और उरुग्वे जैसी कई विश्व चैंपियन टीमें नहीं हैं।

मेसी ने कहा, यूरो बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन इसमें तीन बार की विश्व चैंपियन अर्जेंटीना, पांच बार की विश्व चैंपियन ब्राजील और दो बार की विश्व चैंपियन उरुग्वे शामिल नहीं हैं।

कई विश्व चैंपियन हैं जो यह कहने से चूक गए हैं कि यूरो सबसे कठिन है, है न? विश्व कप में, सर्वश्रेष्ठ टीमें होती हैं, सभी विश्व चैंपियन आम तौर पर वहाँ होते हैं। यही कारण है कि हर कोई विश्व चैंपियन बनना चाहता है।

## मंगोलिया को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची भारतीय पुरुष टीम

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष टीम ने एशियाई टीम स्क्वाश चैंपियन में शानदार प्रदर्शन जारी रखा और मंगोलिया को 3-0 के हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

पूर्व चैंपियन भारत शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में पाकिस्तान से भिड़ेगा। जापान पहले ही पूल डी से अंतिम आठ चरण के लिए क्वालीफाई कर चुका है।भारत की महिला टीम ने चीनी ताइपे को 3-0 से हराया, लेकिन मलेशिया से समान अंतर से हार गई। टीम को अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए ग्रुप-ए के अंतिम लीग मैच में दक्षिण कोरिया को हराना होगा।

# टी20 विश्व कप : पीएनजी को हराकर अफगानिस्तान सुपर 8 में, न्यूजीलैंड बाहर



**एजेंसी**
**तरौबा।** तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी के शानदार तीन विकेट और गुलबदीन नायब की बेहतरीन पारी की बदौलत अफगानिस्तान ने शुक्रवार को त्रिनिदाद और टोबैगो में आईसीसी टी20 विश्व कप मैच में पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) को सात विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही अफगानिस्तान ने तीन मैचों में तीसरी जीत दर्ज की और वेस्टइंडीज के साथ सुपर 8 चरण में पहुंच गया। साथ ही न्यूजीलैंड, जो अब तक अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज से हार चुका है, टूर्नामेंट से बाहर हो गया है।

96 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की शुरुआत खराब रही और 2.5 ओवर में केवल 22 रन पर दोनों सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज (सात गेंदों में 11 रन) और इब्राहिम जादरान (0) पवेलियन लौट गए।

इसके बाद ऑलराउंडर गुलबदीन नायब और अजमतुल्लाह उमरजई ने 7.3 ओवर में टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया। दोनों के बीच 33 रन की साझेदारी उमरजई के 18 गेंदों में 13 रन बनाकर आउट होने के साथ समाप्त हुई। 8.4 ओवर में अफगानिस्तान का स्कोर 55 रन पर 3 विकेट था। इसके बाद गुलबदीन ने मोहम्मद नबी के साथ मिलकर अफगानिस्तान को लक्ष्य तक पहुँचाया। अफगानिस्तान ने 15.1 ओवर में 3 विकेट पर 101 रन बनाकर जीत हासिल की। गुलबदीन 36 गेंदों में चार चौके और दो छक्के की बदौलत 49 और नबी 23 गेंदों में एक चौके की बदौलत 16 रन बनाकर नाबाद रहे। पीएनजी के लिए एली नाओ, सेमो कामेआ और नॉर्मन वनुआ ने एक-एक विकेट लिया।

अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया

इससे पहले अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पीएनजी की शुरुआत बेहद खराब रही और उन्होंने अपने कप्तान असद वाला को पहले ही ओवर में केवल 3 रन पर खो दिया। अगले आउट होने वाले खिलाड़ी लेगा सियाका और सेसे बाऊ थे, जिन्हें फजलहक फारूकी ने गोल्डन डक पर आउट किया। हिरी हिरी को नवीन उल हक ने सिर्फ एक रन पर क्लीन बोल्ड कर दिया। पीएनजी 3.1 ओवर में केवल 17 रन पर 4 विकेट खो दिया।

## टी-20 विश्व कप : मियामी मैच के बाद स्वदेश लौट सकते हैं गिल, आवेश

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** शुभमन गिल, जो इस समय भारतीय टीम के साथ रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर हैं, मौजूदा ट्वेंटी-20 विश्व कप में भारतीय टीम के मैचों के अमेरिकी चरण के समापन के बाद स्वदेश लौट आएंगे। रिजर्व पेसरों में से एक, संभवतः आवेश खान, भी 15 जून को फ्लोरिडा के फोर्ट लॉडरडेल में कनाडा के खिलाफ मैच के बाद स्वदेश लौट सकते हैं। दोनों खिलाड़ी फ्लोरिडा में हैं, बुधवार को चार्टर्ड फ्लाइट से टीम के साथ न्यूयॉर्क से फोर्ट लॉडरडेल पहुंचे। बुधवार दोपहर को लॉन्ग आइलैंड के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल स्टेडियम में दोनों टीमों के बीच मैच के बाद भारत और यूएसए दोनों टीमों के लिए चार्टर फ्लाइट का बंदोबस्त किया गया था।

क्रिकबज के अनुसार, गिल और आवेश दोनों की यात्रा केवल अमेरिका दौरे तक ही थी, जब तक कि खिलाड़ियों को अप्रत्याशित चोट न लग जाए। वे टीम के साथ रिजर्व के तौर पर गए थे, क्योंकि किसी खिलाड़ी को अप्रत्याशित चोट लगने की स्थिति में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के लिए भारत से अमेरिका या कैरेबियाई देशों में अतिरिक्त खिलाड़ी भेजना तुरंत संभव नहीं होगा।

14 जून को निर्धारित अभ्यास के दौरान या अगले दिन खेल के दौरान किसी नियमित खिलाड़ी के चोटिल होने की स्थिति में दोनों खिलाड़ियों को मैदान पर ही रहने के लिए कहा जा सकता है। लेकिन इसकी संभावना बहुत कम है क्योंकि फ्लोरिडा में मौजूदा खराब मौसम विश्व कप के कार्यक्रम को बाधित कर सकता है। टीम में तीसरे सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी हैं और अतिरिक्त तेज गेंदबाज की जरूरत नहीं पड़ सकती है क्योंकि टीम के कैरेबियाई चरण में स्पिनरों पर अधिक निर्भर रहने की उम्मीद है। गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और आवेश मूल रूप से रिजर्व खिलाड़ी थे, जिन्हें चयन समिति ने 30 अप्रैल को विश्व कप के लिए टीम की घोषणा के समय नामित किया था।

# यूईएफए यूरो 2024 : चोट के कारण क्रोएशिया के खिलाफ मैच से बाहर हुए लापोर्ट



**एजेंसी**
**बर्लिन।** स्पेन के सेंट्रल डिफेंडर एमेरिक लापोर्ट मांसपेशियों की समस्या के कारण शनिवार को क्रोएशिया के खिलाफ 2024 यूईएफए यूरो के उद्घाटन मैच से बाहर हो गए हैं। फ्रांस में जन्मे लापोर्ट ने प्रशिक्षण सत्र में भाग नहीं लिया, हालांकि स्पेनिश फुटबॉल महासंघ (आरएफईएफ) ने सूचित किया है कि वह खेल से पहले शुक्रवार को बाकी टीम के साथ बर्लिन की यात्रा करेंगे। हालांकि वह टीम के साथ होंगे, लेकिन उनका क्रोएशिया के खिलाफ मैच से चूकना तय है, क्योंकि स्पेन की रक्षा पंक्ति में रॉबिन ले नॉर्मंड के साथ नाचो फर्नांडीज या डेनी विवियन के शामिल होने की संभावना है। लापोर्ट सऊदी अरब में सीज़न खत्म होने के बाद स्पेन की टीम में शामिल होने वाले खिलाड़ियों में से एक थे। पिछले शनिवार को उत्तरी आयरलैंड पर स्पेन की 5-1 की जीत में उन्होंने सिर्फ़ 40 मिनट मैदान पर बिताया, जो 23 मई के बाद से उनका पहला प्रतिस्पर्धी मैच था, जब उन्हें अल-नासर के लिए खेलते हुए रेड कार्ड दिखाया गया था।

# विश्व रग्बी सेवंस 2024 रेपेचेज के लिए युगांडा ने टीम घोषित की

**एजेंसी**
**कंपाला।** युगांडा के कोच टॉल्बर्ट ओन्यांगो ने 21 से 23 जून तक फ्रांस के मोनाको में होने वाले विश्व रग्बी सेवेंस 2024 रेपेचेज के लिए पुरुष टीम की घोषणा कर दी है विश्व रग्बी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय विश्व रग्बी सेवेंस रेपेचेज में 12 पुरुष और 12 महिला टीमें पेरिस ओलंपिक में एक-एक अंतिम स्थान के लिए मुकाबला करेंगी।

ओन्यांगो ने सिन्हुआ से कहा, हमने अच्छी तैयारी की है और टीम पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम स्थान सुरक्षित करने के लिए जी-जान से खेलने के लिए तैयार है।

केन्या के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ओन्यांगो ने स्पष्ट किया कि ओलंपिक के लिए यह अंतिम




क्वालीफायर बहुत कठिन होगा। उन्होंने कहा, लेकिन हम जानते हैं कि हमें क्या उम्मीद करनी है और हमारे लिए हर मैच फाइनल जैसा होगा।

युगांडा की पुरुष टीम को ब्रिटेन, कनाडा और चीन के साथ ग्रुप बी में रखा गया है। युगांडा की टीम की कप्तानी करने वाले इयान मुन्यानी ने सिन्हुआ से कहा कि उन्हें ग्रुप मैचों से ही बहुत कठिन मुकाबलों की उम्मीद है। मुन्यानी ने कहा, चीन सहित हमारे प्रत्येक प्रतिद्वंद्वी के पास अलग-अलग दृष्टिकोण हैं और हम उन्हें उसी तरह से संभालेंगे जैसे वे आएंगे। ओन्यांगो की टीम पिछले महीने म्यूनिख में वर्ल्ड रग्बी एचएसबीसी 7ह्य चैलेंजर सीरीज़ में एक निराशाजनक प्रदर्शन से वापसी की उम्मीद कर रही है, जहाँ वे छठे स्थान पर रहे थे ग्रुप बी की टीमों के अलावा, अन्य टीमें दक्षिण अफ्रीका, चिली, टोंगा, मैक्सिको, स्पेन, चीन का हांगकांग, पापुआ न्यू गिनी और ब्राज़ील हैं। महिला वर्ग में, हाल ही में एचएसबीसी सेवंस सीरीज में पदोन्नत हुई चीन को पसंदीदा माना जा रहा है, लेकिन चीन के हांगकांग, अर्जेंटीना, केन्या और युगांडा भी इस स्थान के लिए दावेदार हैं।

विश्व रग्बी सेवंस 2024 रेपेचेज के लिए युगांडा की पुरुष टीम इस प्रकार है-

इयान मुन्यानी (कप्तान), एलेक्स अटरिंडा, फिलिप वोकोरच, प्यूस ओजेना, टीमोथी मुगिशा, एलेन ओलंगा, करीम अरिनेट्यू, विलियम कोरे, रॉय किजिटो, एड्रियन कासिटो, टीमोथी किसिगा, नॉरबर्ट ओकेनी।

# चीनी बास्केटबॉल एसोसिएशन ने मुख्य कोच अलेक्जेंडर जोर्डजेविक के साथ खत्म किया करार

**एजेंसी**
**बीजिंग।** चीनी बास्केटबॉल एसोसिएशन (सीबीए) ने कोच अलेक्जेंडर जोर्डजेविक के साथ अपना करार खत्म कर दिया है। सीबीए ने जोर्डजेविक की जगह गुओ शिकियांग को चीन की पुरुष बास्केटबॉल टीम का कार्यवाहक मुख्य कोच नियुक्त किया है। जोर्डजेविक ने नवंबर 2022 में डु फेंग की जगह ली और हांगकांग, चीन में 2023 फीबा बास्केटबॉल विश्व कप एशियाई क्वालीफायर की छठी विंडो के दौरान चीन के मुख्य कोच के रूप में अपनी शुरुआत की।

सर्बिया के मूल निवासी जोर्डजेविक ने चीन को फीबा विश्व कप में पहुँचाया, लेकिन टीम मनीला में निराशाजनक 29वें स्थान पर रही और पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने में विफल रही। जोर्डजेविक की टीम को हांग्जो में एक और झटका लगा जब



एशियाई खेलों की चैंपियनशिप का बचाव करने की उनकी योजना विफल रही और टीम को सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। प्रमुख प्रतियोगिताओं में चीन की लगातार विफलताओं के कारण जोर्डजेविक को आलोचना का सामना करना पड़ा है। सीबीए ने एक बयान में कहा, भविष्य के पुनर्निर्माण कार्य और चीनी पुरुष बास्केटबॉल टीम की वास्तविक प्रतियोगिता आवश्यकताओं के आधार पर, सीबीए ने जोर्डजेविक और उनके दल के साथ अपने मौजूदा सहयोग को समाप्त कर दिया है। जोर्डजेविक ने सोशल मीडिया पर चीनी बास्केटबॉल को अलविदा कहते हुए कहा, चीनी महासंघ और उन खूबसूरत लोगों के प्रति मेरी हार्दिक कृतज्ञता, जिनसे मैं मिला और जिनके साथ काम किया। मैं कोचों, याओ मिंग और उनकी टीम और निश्चित रूप से टीम और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देता हूं। टीम चीन आगे बढ़ो - तुम्हारा सर्बियाई भाई तुम्हारा समर्थन करेगा! चीन इस ग्रीष्मकाल में 10 से अधिक मैत्रीपूर्ण मैच खेलेगा, जिसमें 5 से 10 जुलाई तक सैक्रामेंटो में होने वाली एनबीए समर लीग भी शामिल है।

## बीबीएल : मेलबर्न रेनेगेड्स के नए मुख्य कोच बने कैमरून व्हाइट

**एजेंसी**
**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सीमित ओवरों के कप्तान कैमरन व्हाइट को बिग बैश लीग (बीबीएल) फ्रेंजाइजी मेलबर्न रेनेगेड्स को मुख्य कोच नियुक्त किया गया गया है। व्हाइट ने डेविड सेकर की जगह ली है। उन्होंने क्लब के साथ तीन साल का करार किया है। 40 वर्षीय व्हाइट पहली बार मुख्य कोच के रूप में कार्य करेंगे, लेकिन पिछले दो सालों से वे सिडनी सिक्सर्स के बॉस ग्रेग शिपर्ड के अधीन काम कर रहे हैं और इससे पहले एडिलेड स्ट्राइकर्स में सहायक कोच थे।उन्हें रेनेगेड्स की टीम विरासत में मिली है, जिसमें सफेद गेंद की रन मशीन जेक फ्रेजर-मैकगर्क, सुपरस्टार स्पिनर एडम जाम्पा और नाथन लियोन तथा बहुमूल्य खिलाड़ी जोश ब्राउन शामिल हैं। मेलबर्न रेनेगेड्स की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में व्हाइट ने कहा, एक खिलाड़ी के तौर पर और सफलता प्राप्त करने के मामले में यहां मेरी बहुत सारी शानदार यादें हैं, इसलिए कई सालों बाद रेनेगेड्स के साथ फिर से जुड़ना रोमांचकारी है। इस खेल समूह के साथ काम करने का विचार - जिसमें कुछ बहुत ही रोमांचक खिलाड़ी हैं, वास्तव में रोमांचक है। मैं वास्तव में कोच के रूप में अपनी यात्रा शुरू करने के लिए उत्सुक हूं। एक खिलाड़ी के रूप में, व्हाइट ने तीनों प्रारूपों में 142 बार ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया। उन्हें व्हाइट-बॉल टीमों में मध्य-क्रम के बल्लेबाज के रूप में उनके योगदान के लिए जाना जाता था। उनका टेस्ट करियर 2008 के भारत दौरे पर चार प्रदर्शनों तक सीमित था, व्हाइट ने छह बार टी-20आई टीम की कप्तानी की और 2011 में एक बार एकदिवसीय टीम की कप्तानी की।वह 2009 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली ऑस्ट्रेलिया टीम के सदस्य भी थे। घरेलू स्तर पर, व्हाइट ने 2019 में रेनेगेड्स की एकमात्र बीबीएल चैंपियनशिप के दौरान खेला।

विक्टोरिया के सबसे लंबे समय तक शेफ़ील्ड शील्ड कप्तान रहे, व्हाइट ने 2000-2001 की गर्मियों में एक किशोर के रूप में अपने पदार्पण और 2019 में अपने अंतिम मैच के बीच 7000 से अधिक प्रथम श्रेणी रन बनाए।

## अंबुजा सीमेंट्स ने 10,422 करोड़ रुपये में पेन्ना सीमेंट का किया अधिग्रहण

एजेंसी
**नई दिल्ली।** अडाणी समूह की कंपनी अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड ने पेन्ना सीमेंट इंडस्ट्रीज लिमिटेड (पीसीआईएल) का 10,422 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करने का ऐलान किया है। इस अधिग्रहण के लिए दोनों कंपनियों ने समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। पेन्ना सीमेंट के अधिग्रहण से अडाणी समूह की सीमेंट उत्पादन क्षमता में 1.4 करोड़ टन सालाना बढ़ोत्तरी होगी। इसके साथ ही समूह की कुल सीमेंट उत्पादन क्षमता 8.9 करोड़ टन सालाना हो जाएगी। इस समझौते के तहत अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड पेन्ना सीमेंट इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मौजूदा प्रवर्तक समूह पी. प्रताप रेड्डी एवं परिवार से कंपनी के 100 फीसदी शेयर खरीदेगी। इस अधिग्रहण से सीमेंट बाजार में अडाणी समूह की अखिल भारतीय हिस्सेदारी दो फीसदी और दक्षिण भारत में आठ फीसदी बढ़ जाएगी। इसके साथ ही अडाणी समूह के समुद्री परिवहन लॉजिस्टिक्स को भी मजबूती मिलेगी।

## हवाई किराये की समीक्षा करेगी सरकार : राममोहन नायडू


एजेंसी
**नईअदिल्ली।** तेलुगु देशम पार्टी कोटे से मंत्री बने किंजरपु राममोहन नायडू ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय का कार्यभार संभाल लिया। कार्यभार संभालने के बाद नायडू ने मीडियाकर्मियों से कहा कि सरकार हवाई यात्रा किराये की समीक्षा करेगी। यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। मेरा पूरा इरादा यह सुनिश्चित करना है कि हवाई यात्रा आम आदमी के लिए सुलभ हो। इसे



हकीकत बनाने के लिए किराया सस्ती होनी चाहिए। मेरी प्राथमिकता हवाई किराया को कम करना होगा। उल्लेखनीय है कि देश के विमानन क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। भारत दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता विमानन बाजार है, लेकिन घरेलू वाहकों को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला से जुड़े व्यवधानों से जूझना पड़ता है, जिससे हवाई किराया में वृद्धि होती है। हालांकि, देश के एयरलाइन कंपनियों ने नए विमान का ऑर्डर दिया है।

## जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक 22 जून को, सीतारमण करेंगी अध्यक्षता

**नई दिल्ली।** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार का गठन होने के बाद वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की पहली बैठक 22 जून को राजधानी नई दिल्ली में होगी। जीएसटी काउंसिल ने बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में परिषद की ये 53वीं बैठक होगी। जीएसटी परिषद देश




में वस्तु एवं सेवा कर के संदर्भ के आधार पर किसी भी कानून या विनियमन को संशोधित करने, समाधान करने या प्राप्त करने के लिए एक शीर्ष सदस्य समिति है।

## वित्त मंत्री से आईएफएससीए के अध्यक्ष के. राजारमन ने मुलाकात की

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) के अध्यक्ष के. राजारमन केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री निर्मला सीतारमण से मिले। आईएफएससीए अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण कानून, 2019 (आईएफएससीए कानून) के तहत स्थापित एक वैधानिक प्राधिकरण है, जिसे अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केन्द्रों (आईएफएससी) में वित्तीय उत्पादों, वित्तीय सेवाओं और वित्तीय संस्थानों को विकसित और विनियमित करने का अधिकार है।

## रत्न आभूषण क्षेत्र का निर्यात प्रदर्शन इसकी मजबूती दर्शाता हैः जीजेईपीसी-इंडिया

**मुंबई।** भारतीय रत्न आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी-इंडिया) ने निर्यात के ताजा आंकड़ों का हवाला देते हुए अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि देश के रत्न और आभूषण क्षेत्र में मजबूती बनी हुई और कारोबार में वृद्धि जारी है।रिपोर्ट में कहा गया है चालू वित्त वर्ष में पहले दो महीनों अप्रैल - मई 2024 में रत्न और आभूषणों का सकल निर्यात 469.16 करोड़ डॉलर (39123.07 करोड़ रुपये) के बराबर रहा, जो एक सराहनीय प्रदर्शन दर्शाता है।

# देश के पास गेहूं का पर्याप्त भंडार, कीमत पर है सरकार की नजर

एजेंसी
**नईअदिल्ली।** सरकार ने स्पष्ट किया है कि देश के पास घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए गेहूं का पर्याप्त भंडार मौजूद है। इसलिए अभी अनाज के आयात शुल्क में बदलाव करने का कोई इरादा नहीं है। खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग गेहूं के बाजार मूल्य पर बारीकी से नजर रख रहा है।

उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि जमाखोरी रोकने और कीमतें स्थिर रखने के लिए सरकार गेहूं के बाजार मूल्य पर कड़ी नजर रख रही है।

मंत्रालय ने कहा कि मौजूदा रबी विपणन सत्र वर्ष 2024 के दौरान खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग ने 11.2 करोड़ टन गेहूं उत्पादन की जानकारी दी है। सरकारी स्वामित्व वाले भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने 11 जून तक करीब 2.66 करोड़ टन गेहूं की खरीदारी की है। मंत्रालय के मुताबिक सार्वजनिक वितरण प्रणाली और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए अनुमानित 1.84 करोड़ टन की जरूरत पूरा करने के बाद आवश्यकता पड़ने पर बाजार में हस्तक्षेप के लिए पर्याप्त गेहूं स्टॉक उपलब्ध होगा। देश में एक जनवरी, 2024 तक गेहूं का बफर स्टॉक 1.38 करोड़ टन के निर्धारित बफर मानदंड के मुकाबले एक करोड़ 63.5 लाख टन था। मंत्रालय ने कहा कि गेहूं का स्टॉक कभी भी तिमाही बफर स्टॉक मानदंडों से नीचे नहीं गया है। दरअसल तिमाही बफर स्टॉक सालभर अलग-अलग होता हैं

MINISTRY OF CONSUMER AFFAIRS, FOOD AND PUBLIC DISTRIBUTION

# भारत ने यूएई को पहली खेप में भेजा उच्च गुणवत्ता वाला 8.7 टन अनानास

**नई दिल्ली।** भारत ने फल निर्यात को बढ़ावा देने के मकसद से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को उच्च गुणवत्ता वाले एमडी 2 किस्म के 8.7 टन अनानास की पहली खेप का सफल निर्यात किया है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बताया कि कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने यूएई को एमडी 2 किस्म के उच्च गुणवत्ता वाले 8.7 टन अनानास की पहली खेप का सफल निर्यात किया है। एमडी 2 किस्म का अनानास को 'गोल्डन रिप' या 'सुपर स्वीट' के नाम से पहचाना जाता है। यह अपनी असाधारण मिठास और गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध है। इसकी महाराष्ट्र के कोंकण क्षेत्र के सिंधुदुर्ग जिले में खेती की जाती है।

मंत्रालय ने बताया कि यह भारत के कृषि निर्यात इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण है, जो वैश्विक बाजारों में उच्च गुणवत्ता वाले




अनानास का उत्पादन तथा आपूर्ति करने की हमारी क्षमता को दर्शाता है। डेल मोंटे ने 1980 के दशक में चुनिंदा (कृत्रिम) तरीके से इसकी पैदावार की। इसके बाद से यह अनानास उद्योग में स्वर्ण मानक बन गया है, जिसकी कोस्टा रिका, फिलीपींस और थाईलैंड जैसे देशों में महत्वपूर्ण खेती की जाती है।

# शेयर बाजार में तेजी जारी, सेंसेक्स और निफ्टी ने बनाया मजबूती का नया रिकॉर्ड

एजेंसी
**नई दिल्ली।** महंगाई दर में आई कमी और अमेरिकी फेडरल रिजर्व बैंक की सकारात्मक टिप्पणी के कारण घरेलू शेयर बाजार में आज लगातार खरीदारी का जोर बना रहा। हालांकि मंदड़ियों ने भी दिनभर मुनाफा वसूली करने की कोशिश जारी रखी। इसकी वजह से शेयर बाजार की चाल में उतार-चढ़ाव भी होता रहा। इसके बावजूद पॉजिटिव सेंटीमेंट्स के कारण शेयर बाजार ने आज ऑल टाइम हाई ओपनिंग और क्लोजिंग का रिकॉर्ड बनाने के साथ ही ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंचने का नया रिकॉर्ड भी कायम किया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.27 प्रतिशत और निफ्टी 0.33 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज के कारोबार के दौरान कंज्यूमर ड्युरेबल्स, कैपिटल गुड्स, आईटी और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। कैपिटल गुड्स और रियल्टी इंडेक्स में खरीदारी के सपोर्ट से आज 2 प्रतिशत तक की तेजी आ गई। इसी तरह आईटी इंडेक्स भी 1 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर यूटिलिटी, टेलीकॉम, मीडिया और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में आज बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.79 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.89 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार की तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब ढाई लाख करोड़ रुपये का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़कर 431.82 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 429.32 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.50 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया।

आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 3,984 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,356 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,532 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 96 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,317 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,400 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 917 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर बढ़त के साथ और 10 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 32 शेयर हरे निशान में और 18 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 495.48 अंक की बढ़त के साथ 77,102.05 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 538.89 अंक की तेजी के साथ अभी तक के सर्वोच्च स्तर 77,145.46 अंक तक पहुंच गया लेकिन इसके बाद बाजार में मुनाफा वसूली का दबाव बन गया। पूरे दिन के कारोबार में लिवाल और बिकवाल एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश करते रहे, जिसकी वजह से शेयर बाजार की चाल में भी उतार चढ़ाव होता रहा। अच्छी बात ये रही कि बिकवाली का दबाव बनने के बावजूद ये सूचकांक दिन भर हरे निशान में ही बना रहा। पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 204.33 अंक की बढ़त के साथ ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 76,810.90 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 158 अंक उछल कर ऑल टाइम हाई के नए रिकॉर्ड के साथ 23,480.95 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद ये सूचकांक 158.10 अंक की उछाल के साथ अभी तक के सर्वोच्च स्तर 23,481.05 अंक तक पहुंचने में सफल रहा लेकिन इसके बाद तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच खींचतान शुरू हो जाने के कारण इस सूचकांक की चाल लगातार ऊपर नीचे होती रही। दिन भर के कारोबार के बाद निफ्टी ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 75.95 अंक की तेजी के साथ 23,398.90 अंक के स्तर पर बंद हुआ। पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से श्रीराम फाइनेंस 4.57 प्रतिशत, एचडीएफसी लाइफ 3.63 प्रतिशत, डिवीज लेबोरेट्रीज 3.17 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.66 प्रतिशत और टाइटन कंपनी 2.66 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए।

# सर्राफा बाजार में तेजी जारी, महंगा हुआ सोना, चांदी में मिला-जुला कारोबार

एजेंसी
**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में तेजी जारी है। सोने के भाव में आज एक बार फिर बढ़ोतरी दर्ज की गई है। हालांकि चांदी की कीमत में कुछ सर्राफा बाजारों में मामूली गिरावट भी दर्ज की गई है। आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 72,880 रुपये से लेकर 72,170 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 66,810 रुपये से लेकर 66,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना के विपरीत चांदी में आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। दिल्ली सर्राफा में आज चांदी के भाव में मामूली गिरावट आई है। इस गिरावट के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 91,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,320 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है,



जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,310 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,170 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 72,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,810 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 72,220 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,210 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 72,170 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 72,320 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 66,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 72,220 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 72,320 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में आज तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 72,170 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 66,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 83 डॉलर प्रति बैरल के करीब



एजेंसी
**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 83 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.28 डॉलर यानी 0.34 फीसदी की गिरावट के साथ 82.32 डॉलर और वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.26 डॉलर यानी 0.33 फीसदी लुढ़ककर 78.24 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये,डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

# एनसीएलटी ने बायजू के राइट्स इश्यू पर लगाई रोक, शेयरधारकों का विवरण मांगा

एजेंसी
**नईअदिल्ली।** नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने एडटेक फर्म और बायजू के ब्रांड पैरेंट थिंक एंड लर्न के राइट्स इश्यू पर आगे बढ़ने पर रोक लगा दी है। जो कि 11 मई को शुरू हुआ था। जिससे यथास्थिति बनाए रखने की प्रक्रिया प्रभावी रूप से रुक गई है। एनसीएलटी ने निर्देश देते हुए यथास्थिति बनाए रखने के लिए कहा है। एनसीएलटी की बेंगलुरु पीठ ने 12 जून को दिए बायजू को आदेश देते हुए कहा है कि बायजू राइट्स इश्यू की पहली किश्त के अनुसार 2 मार्च को इक्विटी के आवंटन से पहले

चार निवेशकों के एक समूह - प्रोसस, जनरल अटलांटिक, सोफिना




और पीक XV - ने टाइगर और आउल वेंचर्स सहित अन्य शेयरधारकों के समर्थन के साथ, कंपनी प्रबंधन और राइट्स इश्यू के खिलाफ एनसीएलटी का दरवाजा खटखटाया था।

**इन कारणों से खराब हुई है बायजू की वित्तीय स्थिति**

रवींद्रन ने दिसंबर, 2023 में कर्मचारियों को वेतन देने के लिए अपने घर के साथ परिवार वालों के घरों को भी गिरवी रखा था।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने बायजू के खिलाफ दिवालिया कार्रवाई भी शुरू की थी। कंपनी पर 158 करोड़ के भुगतान चूक का आरोप है। प्रवर्तन निदेशालय ने 9,000 करोड़ से ज्यादा के फेमा उल्लंघन का नोटिस भी भेजा है। कंपनी की हालत इतनी खराब है कि गुरुग्राम ऑफिस का किराया नहीं देने की वजह से प्रॉपर्टी मालिक ने कर्मचारियों को बाहर कर दिया था। उनके लैपटॉप जब्त कर लिए थे।

# महाराष्ट्र में 3000 करोड़ रुपये निवेश करेगी मर्सिडीज बेंज, उद्योग मंत्री उदय सामंत ने दी जानकारी

एजेंसी
**मुंबई।** जर्मनी की कार विनिर्माता कंपनी मर्सिडीज बेंज महाराष्ट्र में 3,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। महाराष्ट्र के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने यह जानकारी दी।

**उद्योग मंत्री उदय सामंत ने दी जानकारी**

महाराष्ट्र के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म मंच 'एक्स' पर लिखा कि जर्मनी की यात्रा के दौरान उन्होंने मर्सिडीज बेंज के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान अधिकारियों से राज्य में निवेश अवसरों पर चर्चा की गई। सामंत ने कहा 'मर्सिडीज बेंज इस साल महाराष्ट्र में 3,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इससे राज्य में रोजगार के अवसर पैदा करने में मदद मिलेगी।'

**इस निवेश से सरकार को मजबूती मिलेगी- सामंत**

उद्योग मंत्री उदय सामंत ने आगे



कहा कि इस निवेश से विधानसभा चुनावों में शिवसेना-भाजपा-राकांपा सरकार को मजबूती मिल सकती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पर विपक्ष लगातार आरोप लगाता रहा है कि महाराष्ट्र को गुजरात और अन्य राज्यों के मुकाबले बड़ी औद्योगिक परियोजनाएं गंवानी पड़ रही हैं।

# नोकिया इंडिया- एरिक्सन को 2458 करोड़ रुपये के शेयर देगी वोडा-आइडिया; बोर्ड की मंजूरी

एजेंसी
**मुंबई।** कर्ज के बोझ से दबी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया अपने आंशिक बकाये का भुगतान करने के लिए नोकिया इंडिया और एरिक्सन इंडिया को 2,458 करोड़ रुपये के शेयर आवंटित करेगी। वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) के बोर्ड ने कंपनी के फॉलो-ऑन ऑफर प्राइस की तुलना में लगभग 35 प्रतिशत अधिक कीमत पर तरजीही आधार पर शेयरों के आवंटन को मंजूरी दे दी है। ये शेयर छह महीने के लॉक-इन के साथ जारी किए जाएंगे। कंपनी ने एक नियामकीय फाइलिंग में इसकी जानकारी दी।

कंपनी ने अपने बयान में कहा, वोडाफोन आइडिया लिमिटेड के निदेशक मंडल ने आज 10 रुपये अंकित मूल्य के करीब 166 करोड़ इक्विटी शेयरों को 14.80 रुपये प्रति शेयर के निर्गम मूल्य पर 2,458 करोड़ रुपये तक के कुल लाभ के लिए अपने दो प्रमुख विक्रेताओं, नोकिया सॉल्यूशंस एंड नेटवर्क्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और एरिक्सन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को शेयर आवंटित करने की मंजूरी दे दी है। टेलिकॉम कंपनी ने अपनी एक विज्ञप्ति में कहा कि नोकिया और एरिक्सन क्रमशः 1,520 करोड़ रुपये और 938 करोड़ रुपये तक की भागीदारी करेंगे। इस फैसले पर 10 जुलाई, 2024 को आयोजित होने वाली ईजीएम में वीआईएल के शेयरधारकों का अनुमोदन लिया जाएगा। कंपनी ने अपनी फाइलिंग में कहा, नोकिया और एरिक्सन की वीआईएल के साथ नेटवर्क उपकरणों के प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में दीर्घकालिक साझेदारी है। यह तरजीही आवंटन वीआईएल को अपने बकाये का हिस्सा चुकाने में सक्षम करेगा।

## फेड को अब भी महंगाई की चिंता, नीतिगत ब्याज दरों में लगातार सातवीं बार नहीं की गई कोई कटौती

एजेंसी
**नई दिल्ली।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व बैंक (फेडरल रिजर्व बैंक) ने अपनी ताजा मौद्रिक नीति बैठक में प्रमुख नीतिगत दर को 5.25-5.50 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने के पक्ष में मतदान किया। कोविड-19 महामारी के दौरान, ब्याज दरें शून्य के करीब थीं।

ब्याज दरें बढ़ाना एक मौद्रिक नीति साधन है जो आम तौर पर अर्थव्यवस्था में मांग को दबाने में मदद करता है, जिससे मुद्रास्फीति दर में गिरावट में मदद मिलती है। फेड ने कहा, हम मौद्रिक नीति पर प्रतिबंधात्मक रुख बनाए हुए हैं ताकि मांग को आपूर्ति के अनुरूप रखा जा सके और मुद्रास्फीति के दबाव को कम किया जा सके। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल ने कहा, आर्थिक घटनाक्रमों की संक्षिप्त समीक्षा के बाद मेरे पास मौद्रिक नीति के बारे में कहने के लिए और कुछ होगा।

अमेरिका में उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति में गिरावट जारी रही, हालांकि यह अब भी 2 प्रतिशत से ऊपर बनी बनी हुई है और यह इसके केंद्रीय बैंक के लिए चिंता का कारण है। मई तक पिछले 12 महीनों में, मुद्रास्फीति सालाना आधार पर 3.3 प्रतिशत बढ़ी। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने इस सप्ताह अपनी मौद्रिक नीति बयान में कहा, ÷हाल के महीनों में, समिति के 2 प्रतिशत मुद्रास्फीति लक्ष्य की दिशा में मामूली प्रगति हुई है।÷

केंद्रीय बैंक लंबे समय में 2 प्रतिशत की दर से अधिकतम रोजगार और मुद्रास्फीति प्राप्त करना चाहता है। पॉवेल ने कहा कि इस साल अब तक मुद्रास्फीति के आंकड़ों ने उन्हें अधिक आत्मविश्वास नहीं दिया है। ÷समिति का मानना है कि अपने रोजगार और मुद्रास्फीति लक्ष्यों को प्राप्त करने के जोखिम पिछले एक साल में बेहतर संतुलन की ओर बढ़ गए हैं। आर्थिक दृष्टिकोण अनिश्चित है, और समिति मुद्रास्फीति जोखिमों के प्रति अत्यधिक चौकस बनी हुई है। दर में किसी भी समायोजन पर विचार के बारे में पॉवले ने कहा कि फेड आने वाले डेटा, विकसित दृष्टिकोण और जोखिमों के संतुलन का सावधानीपूर्वक आकलन करेगा। फेड की रिपोर्ट में कहा गया है, समिति को उम्मीद नहीं है कि ब्याज दरों को कम करना तब तक उचित होगा जब तक कि उसे यह विश्वास नहीं हो जाता कि मुद्रास्फीति लगातार 2 प्रतिशत की ओर बढ़ रही है।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारी अब इस साल सिर्फ एक दर में कटौती कर रहे हैं, इसके बाद अगले साल चार कटौती की जाएगी। इस बीच, मई में अमेरिकी मुद्रास्फीति गिरकर 3.3 प्रतिशत हो गई, जिससे ब्याज दरों में शुरुआती कटौती की उम्मीद बढ़ गई। दर निर्णय और मुद्रास्फीति के आंकड़ों के बाद, रू×क़500 ने 5,400 अंकों की बढ़त के साथ नई ऊंचाई हासिल की। विश्लेषकों का कहना है कि नीतिगत फैसलों की परवाह किए बिना शेयरों में तेजी जारी रहने की उम्मीद है।यूएस फेड ने अपने आर्थिक अनुमानों को भी बरकरार रखा है। मौद्रिक नीति प्रतिभागियों को आम तौर पर उम्मीद है कि जीडीपी वृद्धि पिछले साल की गति से धीमी हो जाएगी

संरक्षकः संजय शुक्ला, (सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)

सलाहकार संपादकः

उपसंपादकः राकेश द्विवेदी

सह सपांदकः मोहम्मद दानिश फारूकी ,

सहायक संपादकः रिजवान सैफ खान,

सह संपादकः राम सिंह यादव

उक्त सभी पद अवैतनिक है

सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169 । इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी